भाद्रपद कृष्णा - 9 | संवत 2081 | वर्ष - 20 | अंक - 36 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | बेंगलूरु » बुधवार » 28-08-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 मैं पक्षपात करूंगा, 'मियां' मुस्लिमों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा: हिमंत

6 नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा-पत्र

7 अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक उत्सव होगा : काम्या पंजाबी



## फर्स्ट टेक

### कर्नाटक में स्कूल की छत गिरने से चार बच्चे घायल

**मंगलूरु (कर्नाटक)/भाषा।** दक्षिण कन्नड़ जिले के कडाबा तालुक के कुंटूर में मंगलवार को एक सरकारी स्कूल की छत गिरने से चार बच्चे घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल की छत कक्षाएं चलने के दौरान गिरीं, जिसमें चार बच्चे घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस समय हुआ, जब कई बच्चे बाहर मैदान में खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि छत उस वक्त गिरी, जब इमारत की मरम्मत का काम चल रहा था। उन्होंने बताया कि घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच, अभिभावकों ने 'शिक्षकों की गैरजिम्मेदारी' पर नाराजगी व्यक्त की है, जिन्होंने छात्रों को उस इमारत के अंदर बैठाया, जहां मरम्मत का काम चल रहा था। अभिभावकों ने इस बारे में पुत्तूर क्षेत्र के शिक्षा अधिकारियों से भी शिकायत की है।

### जय शाह होंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के नए अध्यक्ष



**दुबई/एजेन्सी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह को मंगलवार को निर्विरोध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। आईसीसी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख थी। जय शाह के अलावा किसी भी अन्य ने इस पद के लिए आवेदन नहीं किया और शाह को निर्विरोध आईसीसी का अध्यक्ष चुन लिया गया। शाह आईसीसी के फाइनेंस और कॉमर्स मामलों की सब-कमेटी का हिस्सा भी हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर जय शाह ने कहा, मुझे आईसीसी का चेयरमैन चुनने के लिए सभी का धन्यवाद। मैं क्रिकेट को दुनियाभर में बढ़ाने का काम करता रहूंगा।

### आतंकवादियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के तीन कथित सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सेना ने संयुक्त अभियान के तहत सोमवार को अनंतनाग जिले के वोपजान ट्राइ-जंक्शन पर एक जांच चौकी स्थापित की और आतंकवादियों को विभिन्न प्रकार की मदद मुहैया कराने वाले तीन संदिग्धों को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संदिग्धों के पास से एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 23 राउंड गोलियां और दो ग्रेनेड बरामद किए गए।

| 28-08-2024 सूर्यास्त | 29-08-2024 सूर्योदय |
|---|---|
| 6:33 बजे | 6:08 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,711.76 | 25,017.75 |
| (+13.65) | (+7.15) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,374 रु. | 85,767 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चातुर्मास महात्म्य

उस गांव शहर के भाग्य जहां,
गुणि संत बिताते चार मास।
संपूर्ण क्षेत्र के जन-जन में,
सत संगत करती नव उजास।
भर जाती स्फूर्ति और ऊर्जा,
सारे विकार करते निकास।
वाणी वचनों को सुन-सुन कर,
बन जाता है हर दिवस खास।।

# यूपीएस एक नई योजना, एनपीएस के स्थान पर नहीं लाई गई : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि हाल ही में पेश की गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) एक नई योजना है और इसे राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की जगह नहीं लाया गया है।

उन्होंने कहा, ''यह कोई पलटी मारने वाला कदम नहीं है। यह ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) और एनपीएस (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) से अलग है। यह स्पष्ट रूप से एक नया पैकेज है।'' उन्होंने कहा कि हाल ही में घोषित यूपीएस बेहतर पेंशन योजना है और इससे ज्यादातर सरकारी कर्मचारी सीतारमण ने कहा कि यूपीएस को इस तरह तैयार किया गया है कि यह हर गणना में उपयुक्त बैठती है और सरकार पर भी ज्यादा बोझ नहीं पड़ता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अधिकांश राज्य यूपीएस को अपनाएंगे क्योंकि इसमें कर्मचारियों के लिए बहुत सारे लाभ हैं।

### कांग्रेस बन गई है नारा देने वाली पार्टी : सीतारमण



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को नारा देने वाली पार्टी बताते हुये मंगलवार को कहा कि अब यह पार्टी किसी भी विषय पर मंत्रणा किये बगैर की नारा देने लगती है। श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से अनौपचारिक चर्चा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को कांग्रेस द्वारा यू टर्न बताये जाने के बारे में पूछे जाने पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के किसी भी निर्णय पर गठबंधन को कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साफ-साफ कहना है कि हमारा गठबंधन सीधे जनता से है और जनता के हित में ही निर्णय लिये जाते हैं। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण महंगाई में बढ़ोतरी नहीं हुयी है।

## दही हांडी



मंगलवार को मुंबई के दादर में जन्माष्टमी उत्सव के अवसर पर भक्तजन दही से भरे मिट्टी के बर्तन 'दही हांडी' को तोड़ने के लिए मानव पिरामिड बनाते हुए।



## दिल्ली शराब घोटाले में

# बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत, तिहाड़ से बाहर आईं

**नई दिल्ली/भाषा।** इस साल मार्च में गिरफ्तार की गयीं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता जमानत मिलने के बाद मंगलवार देर शाम तिहाड़ जेल से बाहर आ गयीं। उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में उन्हें जमानत दे दी थी। तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद कविता ने कहा, ''हम लड़ेंगे और खुद को निर्दोष साबित करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''पूरा देश जानता है कि मुझे राजनीतिक कारणों से जेल में डाला गया था। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।'' कविता का स्वागत करने के लिए जेल के बाहर जमा हुए बीआरएस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल बजाए और पटाखे फोड़े। कविता के भाई और बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव भी इस दौरान मौजूद थे।

# पश्चिम बंगाल में 'नबान्न अभियान' के दौरान झड़पों में प्रदर्शनकारी, पुलिसकर्मी घायल

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से कथित बलात्कार व उसकी हत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए राज्य सचिवालय पहुंचने की कोशिश कर रहे थे प्रदर्शनकारी

**कोलकाता/भाषा।** कोलकाता और इससे लगे हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच उस वक्त झड़पें हुईं, जब आंदोलनकारियों ने राज्य सचिवालय 'नबान्न' की ओर मार्च करने के लिए अवरोधकों को गिराने का प्रयास किया।

प्रदर्शनकारियों ने शहर में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इस महीने की शुरुआत में, एक प्रशिक्षु डॉक्टर से कथित बलात्कार व उसकी हत्या को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए राज्य सचिवालय पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।



शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की ''क्रूर'' कार्रवाई का विरोध करते हुए भाजपा ने बुधवार को आम हड़ताल का आह्वान किया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस फैसले की निंदा करते हुए दावा किया कि इसका उद्देश्य अराजकता पैदा करना है। रैली के सिलसिले में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया।

एमजी रोड, हेस्टिंग्स रोड और प्रिंसेप घाट के पास के इलाकों, संतरागाछी और हावड़ा मैदान में झड़पें होने की खबरें हैं, जिनमें कुछ प्रदर्शनकारी और 29 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) ने नबान्न में संवाददाताओं से कहा, ''आज हमने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला क्योंकि हम पूरी तरह से तैयार हैं। खुफिया सूचनाओं ने हमारी मदद की, अन्यथा स्थिति और भी खराब हो सकती थी। हमने 94 लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने कल 25 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था।''

कोलकाता पुलिस सूत्रों के अनुसार, रैली के आयोजकों में से एक पश्चिम बंग छात्र समाज के 126 सदस्यों और समर्थकों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 33 महिलाएं हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की से हुई बातचीत पुतिन से साझा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा से लौटने के तीन दिन बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ शांति स्थापित करने के लिए हुई बातचीत पर चर्चा की।

मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, आज राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त



रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

रूस के राजदूतावास ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री मोदी ने यूक्रेन के आसपास की स्थिति के संभावित राजनीतिक और राजनयिक समाधान में योगदान देने में अपनी रुचि पर जोर देते हुए, यूक्रेन की अपनी हालिया यात्रा के बारे में जानकारी दी।

वक्तव्य में कहा गया कि श्री पुतिन ने संघर्ष को हल करने के तरीकों के लिए प्रमुख रूसी दृष्टिकोणों को रेखांकित करते हुए, यूक्रेन के अधिकारियों और उनके पश्चिमी संरक्षकों की विनाशकारी रुख का एक मौलिक मूल्यांकन दिया।

### सूडान में भारी वर्षा, बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हुई

**खार्तूम/एजेन्सी।** सूडान में भारी वर्षा होने से अचानक आयी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 132 हो गयी है। सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, प्राकृतिक आपदा से मरने वालों का आंकड़ा 132 तक पहुंच गया है। इससे पहले, सूडानी अधिकारियों ने प्राकृतिक आपदा के कारण 68 लोगों की मौत की सूचना दी थी। उन्होंने कहा था कि पीड़ितों की मौत घर गिरने और डूबने सहित विभिन्न कारणों से हुई है।




# रूस के युग (दक्षिण) समूह के साथ लड़ाई में यूक्रेन के 780 सैनिक मारे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मॉस्को/एजेन्सी।** रूस के युग (दक्षिण) बलों के समूह ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक जवाबी हमले को विफल कर दिया और यूक्रेनी सेवा के 780 सदस्यों को मार गिराया।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, एएफयू 5वीं असॉल्ट ब्रिगेड की ओर से शुरू किए गए एक जवाबी हमले को विफल कर दिया गया है। हमले में एएफयू को 780 सैनिक, एक जर्मन निर्मित टैंक, एक बख्तरबंद



लड़ाकू वाहन और चार मोटर वाहनों का नुकसान हुआ है।

बयान में कहा गया है कि सेंट्र (मध्य) समूह की सेनाओं ने डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में ओर्लोव्का गांव पर नियंत्रण कर लिया है और सात जवाबी हमलों को नाकाम करते हुए 530 यूक्रेनी सैनिकों को मार गिराया है। वहीं, जपाड (पश्चिम) समूह ने 490 सैनिकों को मार गिराया है।

वोस्तोक (पूर्व) समूह के साथ लड़ाई में कीव के 145 सैनिक मारे गये, जबकि सेवर (उत्तर) समूह ने तीन जवाबी हमलों को विफल कर दिया तथा 115 सैनिकों को मार गिराया।

### हमारे पास रूस के अंदरुनी इलाकों तक मार करने में सक्षम एक नया हथियार है : यूक्रेन

**कीव/एपी।** यूक्रेन ने दावा किया है कि उसके पास सहयोगी देशों से अनुमति लिए बगैर रूस के अंदरुनी इलाकों तक मार करने में सक्षम लंबी दूरी का एक नया हथियार है। रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि मिसाइल और ड्रोन के संयोजन वाला यह स्वदेश निर्मित हथियार रूसी बमबारी का ''जवाब'' देगा। जेलेंस्की ने 'पलियानित्सिया' की मौजूदगी की पुष्टि की जिसका नाम एक प्रकार की 'ब्रेड' के नाम पर रखा गया है।




# ट्रेंडसेटिंग फैशन कलेक्शन के साथ होगा हाई लाइफ प्रदर्शनी का आगाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** फैशन और स्टाइल के लिए मशहूर हाई लाइफ प्रदर्शनी बुधवार को यहां 'द ललित अशोक' में शुरू होगी। यह 30 अगस्त तक जारी रहेगी। आयोजकों ने बताया कि यह ट्रेंडसेटिंग फैशन कलेक्शन लेकर आई है। इसका समय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक है। यहां ब्राइडल, गोल्ड, फुट वियर, बेड लिनन, नेल आर्ट, लहंगा, डायमंड, बैग और क्लच, फर्निशिंग, स्किन केयर, कस्टम मेड, सिल्वर, कमर बेल्ट, रग्स एंड कार्पेट, फेस केयर समेत कई आकर्षक प्रॉडक्ट उपलब्ध होंगे। फैशनप्रेमियों को इसका काफी समय से इंतजार था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




## औद्योगिक यात्रा

जीतो साउथ के जेबीएन ट्रेंडसेटर वी-प्रेनर्स ऑल वुमेन रेफरल ग्रुप की पहली औद्योगिक यात्रा का आयोजन स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड में हुआ। स्टोवक्राफ्ट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने अपनी विकास यात्रा व अनुभव साझा किए। रेफरल ग्रुप हेड नीलम शांड, रेफरल लीड लताशा भंडारी, और रेफरल सचिव ज्योति कोचट्टा सहित अन्य 13 सदस्याएं उपस्थित थीं।

# वेणुगोपाल मंदिर में धूमधाम से मनाई गई कृष्णा जन्माष्टमी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के ओल्ड एयरपोर्ट रोड कोनेना अग्रहरा स्थित वेणुगोपाल स्वामी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मंदिर को रंगबिरंगी रोशनी से सजाया गया व फूलो की आकर्षक सजावट की गई। स्थानीय भजन गायक कमलेश प्रजापत ने गणेश वंदना व राकेश प्रजापत, ओमप्रकाश प्रजापत, ताराराम प्रजापत ने एक से बढ़कर एक भगवान कृष्ण के भजनों की प्रस्तुति दी। मध्यरात्रि श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर पंचामृत से भगवान का अभिषेक किया गया।

# मुंबई में दही हांडी उत्सव के दौरान 41 गोविंदा घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** मुंबई में मंगलवार को दही हांडी उत्सव के तहत मानव पिरामिड बनाने में शामिल कम से कम 41 गोविंदा घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने बताया कि इन घायल गोविंदाओं को बीएमसी संचालित और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जन्माष्टमी के तहत दही हांडी उत्सव में लोग उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। मुंबई और राज्य के अन्य हिस्सों में यह उत्सव पारंपरिक उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के तहत दही हांडी के प्रतिभागी बहु-स्तरीय मानव पिरामिड बनाते हैं और हवा में लटकी दही हांडी को तोड़ते हैं।

बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि मानव पिरामिड बनाने के प्रयास के दौरान कम से कम 41 गोविंदा घायल हो गए। इन घायल गोविंदाओं में से आठ को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और 26 का बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) में उपचार किया जा रहा है, जबकि सात अन्य को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। अधिकारी ने बताया कि आठ गोविंदाओं में से तीन राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि एक-एक केईएम अस्पताल, सेंट जॉर्ज अस्पताल, एमटी अस्पताल और कुर्ला भाभा अस्पताल में भर्ती हैं। मुंबई और आसपास के इलाकों में सुबह से ही रुक-रुक कर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। कई प्रमुख गोविंदा पाठक (समूह) ने शहर में कई स्थानों पर नौ-स्तरीय मानव पिरामिड बनाने की कोशिश की। महाराष्ट्र के कई हिस्सों और अन्य जगहों पर यौन उत्पीड़न के मामलों के मद्देनजर, कई गोविंदा समूहों ने मुंबई, ठाणे और अन्य स्थानों पर दही हांडी फोड़ते हुए बैनर और पोस्टर के माध्यम से सामाजिक संदेश भी प्रदर्शित किए।

# शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर राजनीति न करें : केसरकर



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सिंधुदुर्ग/भाषा।** महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने मंगलवार को सुझाव दिया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और उसी स्थान पर 100 फुट ऊंची एक नई प्रतिमा स्थापित करने का प्रस्ताव किया। सिंधुदुर्ग के मालवण तहसील स्थित राजकोट किले में पिछले साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मराठा शासक की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था, जो तेज हवाओं के बीच सोमवार की दोपहर गिर गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि प्रतिमा का निर्माण नौसेना ने कराया था। तटीय सिंधुदुर्ग जिले से ताल्लुक रखने वाले केसरकर ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार द्वारा जांच करा देने भर से जन भावनाएं शांत नहीं की जा सकती।

केसरकर ने संवाददाताओं से कहा, ''अरब सागर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित किये जाने तक, मालवण में मराठा शासक की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। प्रतिमा करीब 100 फुट ऊंची होनी चाहिए।'' उन्होंने प्रतिमा गिरने का संदर्भ देते हुए कहा कि इस घटना से कुछ अच्छा परिणाम आना चाहिए। पुलिस ने ठेकेदार जयदीप आप्टे और संरचना सलाहकार चेतन पाटिल के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत गैर इरादतन हत्या, जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना, हत्या का प्रयास और धोखाधड़ी के आरोप दर्ज किये गए हैं। साथ ही, सार्वजनिक संपत्ति क्षति रोकथाम अधिनियम की धारा तीन के तहत भी आरोप दर्ज किया गया है।

# शिवाजी महाराज की ढही प्रतिमा नौसेना ने बनायी थी, सरकार बड़ी प्रतिमा स्थापित करेगी : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले सिंधुदुर्ग जिले में ढही छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा नौसेना ने बनायी थी और राज्य सरकार ने अब उसी स्थान पर मराठा योद्धा की एक विशाल प्रतिमा स्थापित करने का फैसला किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस पर सिंधुदुर्ग की मालवण तहसील के राजकोट किले में 17वीं सदी के मराठा साम्राज्य के संस्थापक की 35 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया था। यह प्रतिमा सोमवार दोपहर को ढह गयी थी। फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''प्रतिमा के निर्माण की देखरेख राज्य सरकार ने नहीं बल्कि नौसेना ने की थी। प्रतिमा के निर्माण और स्थापना के लिए जिम्मेदार लोगों ने महत्वपूर्ण स्थानीय कारकों जैसे कि तीव्र हवा गति और इसमें इस्तेमाल लोहे की गुणवत्ता को नजरअंदाज कर दिया होगा। समुद्र से उठने वाली हवाओं के संपर्क में आने के कारण प्रतिमा में जंग लगने का खतरा अधिक होगा।'' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अब सवाल यह है कि क्या प्रतिमा के निर्माताओं ने इन सभी कारकों को समझा था। उन्होंने कहा, ''हमारा संकल्प उसी स्थान पर छत्रपति शिवाजी महाराज की और बड़ी प्रतिमा बनाने का है।'' उन्होंने कहा कि प्रतिमा ढहने की घटना की जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर विपक्षी दलों द्वारा निशाना साधे जाने के बारे में पूछने पर फडणवीस ने कहा, ''प्रतिमा का गिरना दुखद है लेकिन इस पर विपक्षी दलों का रुख उचित नहीं है। इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोई जरूरत नहीं है।'' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिमा गिरने के बाद सोमवार को दावा किया कि प्रति घंटे 45 किलोमीटर की गति से चली हवा के कारण यह घटना हुई। विपक्षी दलों ने यह कहते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस प्रतिमा को जल्दबाजी में स्थापित किया गया था।

# अदालत ने बोरोलीन को 'सुप्रसिद्ध ट्रेडमार्क' घोषित किया, इसकी नकल पर रोक लगाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने ट्रेडमार्क अधिनियम के तहत 'बोरोलीन' को एक सुप्रसिद्ध ट्रेडमार्क घोषित किया है तथा एक कंपनी को अपना ट्रेड ड्रेस बदलने का निर्देश दिया है, ताकि यह उस एंटीसेप्टिक क्रीम जैसी न लगे, जो देश में घर-घर में जाना-पहचाना नाम बन गयी है।

'ट्रेड ड्रेस' से तात्पर्य किसी उत्पाद या सेवा के समग्र स्वरूप या डिजाइन से है जो इसे बाजार में इसी तरह के अन्य उत्पादों से अलग करता है। अदालत ने कहा कि 'बोरोलीन' ट्रेडमार्क की बाजार में काफी साख और लोकप्रियता है तथा यह न केवल भारत बल्कि ओमान और तुर्की जैसे अन्य देशों में भी एक मशहूर उत्पाद है।

न्यायालय ने यह फैसला जी.डी. फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर वाद पर पारित किया। कंपनी के पास 'ओवर-द-काउंटर' एंटीसेप्टिक क्रीम बोरोलीन का स्वामित्व व विपणन का अधिकार है, तथा उसने 'बोरोब्यूटी' नामक भ्रामक रूप से समान उत्पाद के निर्माण और बिक्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।

वादी कंपनी ने तर्क दिया कि सेंटो प्रोडक्ट्स (इंडिया) ने अपनी क्रीम के लिए बोरोलीन की ट्रेड ड्रेस यानी एक विशिष्ट गहरे हरे रंग की ट्यूब जिसपर अष्टकोणीय काले रंग का ढक्कन होता है को अपनाया, जो बौद्धिक संपदा कानून का उल्लंघन था।



# हिमाचल में बारिश के कारण 126 सड़कें बंद, मौसम विभाग ने दो दिन के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार को बारिश हुई जिससे राज्यभर में 85 और सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई और राजधानी शिमला में कई पेड़ गिर गए। स्थानीय मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए राज्य में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ भारी बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का पूर्वानुमान जताते हुए 'येलो' अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, सोमवार सुबह तक 41 सड़कें बंद थीं और मंगलवार को बारिश के कारण भूस्खलन और पेड़ों के गिरने से इनकी संख्या बढ़कर 126 हो गई।

शिमला शहर में, भारी बारिश के बाद टॉयलैंड के पास पेड़ गिरने के कारण सुबह के समय स्कूल और कार्यालय जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शिमला जिले में कुल 41 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कुल 126 अवरुद्ध सड़कों में से सबसे अधिक 50 सड़कें मंडी में हैं, इसके बाद सोलन में 12, कांगड़ा में 10, कुल्लू में छह, सिरमौर में चार और ऊना, किन्नौर और लाहौल तथा स्पीति जिले में एक-एक सड़क बंद हैं। आपातकालीन संचालन केंद्र ने बताया कि राज्य भर में 1,191 बिजली और 27 जलापूर्ति योजनाएं भी बाधित हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम पांच बजे से राज्य के कई हिस्सों में मध्यम बारिश हुई जिसमें काहो में सुबह आठ बजे तक सबसे अधिक 84 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## छोटे शहरों, कस्बों में 40 प्रतिशत लोग रोजाना कर रहे डिजिटल भुगतानः रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** देश के तीसरे दर्जे के शहरों से लेकर छोटे कस्बों में 40 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ता दैनिक आधार पर डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल करते हैं जबकि 45 प्रतिशत लोग दो दिन में एक बार इसका इस्तेमाल करते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

भारत में डिजिटल भुगतान की स्थिति पर जारी 'चेज इंडिया' की एक रिपोर्ट कहती है कि इसमें देश के तीसरी से लेकर छठी श्रेणी के शहरों में उपभोक्ताओं द्वारा डिजिटल भुगतान के लगातार उपयोग को दर्शाया गया है। रिपोर्ट में डिजिटल भुगतान सेवाओं को अपनाने में कारोबारियों और उपभोक्ताओं के सामने जमीनी स्तर पर आने वाली प्रमुख चुनौतियों की पहचान की गई है। रिपोर्ट कहती है कि ग्रामीण भारत में डिजिटल भुगतान का उपयोग नहीं करने वाले लगभग आधे कारोबारी इस सेवा से अनजान हैं।

# भारतीय चिप बनाने का लक्ष्य बेहद महत्वाकांक्षी, हासिल करने का भरोसाः ओला संस्थापक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली कंपनी ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने अभी तक कोई भारतीय चिप नहीं बनने को 'अनूठी विडंबना' बताते हुए कहा है कि भारत के लिए पहली एआई चिप बनाने की उनकी घोषणा बेहद महत्वाकांक्षी लक्ष्य है लेकिन कंपनी को अपना वादा पूरा करने का भरोसा है।

अग्रवाल ने यहां पीटीआई-संपादकों के साथ बातचीत में कहा कि एक चिप बनाना एक 'जोखिम भरा प्रयास' है। इसके बावजूद उन्हें यकीन है कि ओला ग्रुप और उसकी एआई इकाई 'कृत्रिम' इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अपनी एआई चिप के लिए विनिर्माण इकाई नहीं लगाएगी। इसके बजाय कंपनी ताइवान, कोरिया या अमेरिकी पारिस्थितिकी तंत्र में सक्रिय वैश्विक कंपनियों के साथ काम करने की योजना बना रही है। ओला के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इस बारे में बातचीत चल रही है, लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि कोई भारत में अत्याधुनिक चिप संयंत्र लगाएगा, और हमें इसका उपयोग करने में खुशी होगी।''

अग्रवाल ने कहा, ''दुनिया की हर चिप का डिजाइन भारत से होकर गुजरता है। हर चिप का थोड़ा डिजाइन भारत में हो रहा है, लेकिन हमारे पास कोई भारतीय चिप नहीं है। हमारे पास दुनिया में सबसे ज्यादा सिलिकॉन चिप डिजाइनर हैं, लेकिन कोई भारतीय चिप नहीं है। यह एक अनूठी विडंबना है।'' उन्होंने कहा, ''इसीलिए हमने अपनी खुद की चिप बनाने का फैसला किया है, और यह एक कृत्रिम मेधा (एआई) चिप होगी। इसके साथ ही एक सामान्य उद्देश्य वाला सीपीयू भी विकसित किया जाएगा।''

ओला की एआई के लिए समर्पित इकाई का नाम 'कृत्रिम' रखा गया है। इसने सीपीयू और एआई चिप के विकास के लिए आर्म और अनटीथर एआई जैसी वैश्विक कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।



## जयराम रमेश ने ग्रेट निकोबार परियोजना को लेकर पर्यावरण मंत्री पर पलटवार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया था कि इसे नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित प्रारूप में मंजूरी दी जा सके।

रमेश ने पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को प्रस्तावित 'ग्रेट निकोबार इन्फ्रा प्रोजेक्ट' को लेकर बीते 10 अगस्त को पत्र लिखा था जिसके जवाब में यादव ने उन्हें जवाबी पत्र लिखा था। अब रमेश ने फिर से 10 पृष्ठों का जवाबी पत्र लिखा है। यादव ने कहा था कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रेट निकोबार परियोजना को मंजूरी संभावित पारिस्थितिक प्रभावों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद दी गई है और इससे जनजातीय आबादी पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्री के पत्र के जवाब में लिखे ताजा पत्र में रमेश ने कहा, ''मंत्रालय का कहना है कि इस परियोजना को पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) संबंधी अध्ययन के बाद मंजूरी दी गई है। फिर भी, ईआईए की जांच विभिन्न आपत्तियों का उल्लेख करती है।'' उन्होंने कहा, ''बंदरगाह बनाने के मकसद से 'गैलाथिया वन्यजीव अभयारण्य' को जनवरी, 2021 में गैर-अधिसूचित किया गया था और लगभग 130 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र को हटाने का प्रस्ताव अक्टूबर 2020 में भेजा गया था...ऐसा प्रतीत होता है कि नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित प्रारूप में परियोजना की मंजूरी सुनिश्चित करने के लिए ईआईए को प्राथमिकता दी गई है।''

# पुराने वाहनों को कबाड़ में बदलकर नई गाड़ी खरीदने पर मिलेगी 1.5-3 प्रतिशत तक छूट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख वाणिज्यिक और यात्री वाहन कंपनियां त्योहारों से पहले पुरानी गाड़ियों को कबाड़ में बदलने के बदले नये वाहन खरीदने पर 1.5 से तीन प्रतिशत तक छूट देंगी।

एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को कहा गया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ एक बैठक में वाहन विनिर्माताओं ने यह सहमति जताई। बयान में कहा गया है कि यह पहल देश में संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग (सर्कुलर) वाली अर्थव्यवस्था को गति देने और स्वच्छ, सुरक्षित तथा अधिक कुशल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गडकरी ने मंगलवार को भारत मंडपम में वाहन कंपनियों के शीर्ष निकाय सियाम (सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स) के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की। बयान में कहा गया है, ''बातचीत के दौरान, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की सलाह पर सकारात्मक रूप से गौर करते हुए और वाहनों के आधुनिकीकरण तथा संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग वाली अर्थव्यवस्था के महत्व को पहचानते हुए कई वाणिज्यिक वाहन और यात्री वाहन विनिर्माताओं ने जमा प्रमाणपत्र (स्क्रैपेज सर्टिफिकेट) के बदले सीमित अवधि के लिए छूट देने पर सहमति जताई है।''

इसमें कहा गया है कि वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता दो साल और यात्री वाहन विनिर्माता एक साल के लिए छूट देने को तैयार हैं। बयान में कहा गया है कि यह छूट पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इससे सड़कों पर सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक दक्ष वाहनों का चलना सुनिश्चित होगा।

बयान में आगे कहा गया कि मर्सिडीज बेंज इंडिया ने 25,000 रुपए की सीधी छूट देने की पेशकश की है, जो सभी मौजूदा रियायतों के अतिरिक्त होगी।

बयान के अनुसार, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हुंदै मोटर इंडिया, किआ मोटर्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर, होंडा कार्स, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर, रेनो इंडिया, निसान इंडिया और स्कोडा फॉक्सवैगन इंडिया जैसे यात्री वाहन विनिर्माता वाहनों को कबाड़ में बदलने के बदले नई गाड़ी लेने पर छूट देंगे।

## आप ने प्रदर्शनकारी किसानों पर कंगना रनौत की टिप्पणी के खिलाफ हरियाणा में किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) की हरियाणा इकाई ने अभिनेत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों पर की गई टिप्पणी के खिलाफ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि कंगना का बयान भाजपा की किसानों के प्रति 'मानसिकता' को प्रदर्शित करता है। आप नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जींद, यमुनानगर और पंचकूला सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। रनौत ने कहा था कि यदि शीर्ष नेतृत्व पर्याप्त मजबूत नहीं रहा होता तो अब निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के विरोध प्रदर्शन से देश में बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। मंडी सीट से सांसद रनौत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किये गये एक वीडियो में आरोप लगाया कि किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान ''शव लटके थे और दुष्कर्म की घटनाएं हो रही थीं।'' हरियाणा में एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव होगा और विपक्षी पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
FLATS FOR SALE
DNR HIGHLINE
@ OKALIPURAM
near LULU Mall
Rajajinagar
Centre of the City
3 & 4 Bedroom
FLATS with 7 Star
Luxurious Amenities
Only Few Flats
available for Sale
Contact : 9844027560



**ज्ञापन**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के परिवार ने सिद्धार्थ विहार एज्युकेशन ट्रस्ट के लिए केआईएडीबी से पांच एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। प्रियंक खरगे ने मंत्री के रूप में अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर इसे प्राप्त किया है। इस आरोप के साथ उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त की मांग करते हुए विधानपरिषद में विपक्ष के नेता चलुवाड़ी नारायणस्वामी ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचन्द गहलोत से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

# भाजपा ने खरगे परिवार के ट्रस्ट को भूखंड आवंटन में 'घोटाले' का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के परिवार द्वारा संचालित एक ट्रस्ट को भूखंड के आवंटन में ''घोटाले'' का आरोप लगाया और मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मल्लिकार्जुन खरगे से कांग्रेस अध्यक्ष पद से तथा उनके बेटे प्रियंक खरगे से इस्तीफा देने की मांग की, जो कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के इस्तीफे की भी मांग की। भाटिया ने कहा, कांग्रेस के भ्रष्टाचार में निरंतरता है। हम जहां भी जाएंगे, भ्रष्टाचार करेंगे, यह कांग्रेस का नया नारा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस



भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है।''

उन्होंने कहा, हमने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की नाक के नीचे मुडा (मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण) घोटाला और वाल्मीकि विकास निगम घोटाला होते देखा है। अब कर्नाटक में मल्लिकार्जुन खरगे और उनके परिवार द्वारा संचालित एक ट्रस्ट को पांच एकड़ जमीन आवंटित करने का मामला सामने आया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नियमों की अवहेलना करके खरगे परिवार द्वारा संचालित ट्रस्ट को भूखंड आवंटित किया गया। उन्होंने दावा किया कि मल्लिकार्जुन खरगे, उनकी पत्नी, उनके दामाद राधाकृष्ण और बेटे प्रियंक खरगे और राहुल खरगे इस ट्रस्ट में शामिल हैं।

भाटिया ने दावा किया, हमारे पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, कई कंपनियों और संगठनों ने भूखंड के लिए आवेदन दिया था, लेकिन नियमों की अनदेखी करके इसे खरगे परिवार द्वारा संचालित ट्रस्ट को आवंटित कर दिया गया। भाजपा प्रवक्ता ने मांग की कि मल्लिकार्जुन खरगे को तुरंत कांग्रेस अध्यक्ष पद से और उनके बेटे प्रियंक खरगे को राज्य के मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने कहा, सच्चाई का पता लगाने के लिए सीबीआई द्वारा इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

# प्रियंक खरगे ने कर्नाटक जमीन घोटाले से किया इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने बेंगलूरु में एयरस्पेस के पास जमीन आवंटन विवाद को लेकर भाजपा नेता लहर सिंह सिरोया पर कड़ा हमला बोला



है। खरगे ने भाजपा और लहर सिंह से पूछा है कि भूमि की खरीद में आखिर क्या गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भूमि औद्योगिक उद्देश्यों के लिए नहीं, बल्कि कौशल विकास और शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए आवंटित की गई है। खरगे ने कहा कि भूमि साइट को औद्योगिक उपयोग के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्रीय अंतरिक्ष में उभरती प्रौद्योगिकियों के कौशल विकास केंद्रों के लिए आवंटित की गई है।

मंत्री ने जोर देकर कहा कि जमीन मुफ्त या सब्सिडी पर नहीं है, ये जमीन खरीदी गई है। उन्होंने बताया कि न तो इसमें कोई डिफ़ॉल्ट भुगतान है और न ही कुछ गलत हुआ है। खरगे ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वे इस मुद्दे को समझ नहीं रहे हैं और केवल अंधेरे में तीर चला रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभाग ने 197 भूखंडों के लिए बोली लगाई थी, लेकिन केवल 47 लोगों ने आवेदन किया। खरगे ने इस पर सवाल उठाया कि जब मांग और आपूर्ति इतनी कम है, तो पक्षपात का सवाल कैसे उठ सकता है?

प्रियांक खरगे ने भाजपा पर आरोप लगाया कि जब उनके नेता अवैध रूप से भूमि प्राप्त करते हैं, तो वे नहीं मुद्दा उठाते हैं। उन्होंने चाणक्य विश्वविद्यालय को 400 एकड़ भूमि मिलने का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में ऐसा कैसे हुआ। खरगे ने कहा कि भाजपा इस पर राजनीति कर रही है और लहर सिंह को इस मामले की सही जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि लहर सिंह अब तक इस पूरे विवाद में गलती क्या है, यह नहीं बता पाए हैं। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर केवल भ्रम फैला रही है और लहर सिंह राजनीति में अज्ञानता का परिचय दे रहे हैं।

# दर्शन को दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर कुछ दिन में फैसला कर सकते हैं अधिकारी : परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि रेणुकास्वामी हत्या मामले में यहां परप्पना अग्रहारा केंद्रीय कारागार में बंद कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को



दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर प्राधिकारी कुछ दिनों में फैसला कर सकते हैं। दर्शन की एक आदतन अपराधी समेत तीन अन्य लोगों के साथ जेल परिसर में एक कुर्सी पर बैठ कर और हाथ में कॉफी का मग लेकर धूम्रपान करने की तस्वीर रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी थी, जिससे बाद एक विवाद पैदा हो गया। एक कथित वीडियो में दर्शन जेल से वीडियो कॉल के जरिए किसी व्यक्ति से बात करते हुए भी दिखायी दिए।

बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने मंगलवार को कहा कि पुलिस ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में दर्शन और अन्य आरोपियों तथा उपद्रवी तत्वों को यहां परप्पना अग्रहारा जेल से दूसरी जेलों में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

परमेश्वर ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के एक अधिकारी को राज्य की जेलों में सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए नियुक्त किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार दर्शन को किसी दूसरी जेल में स्थानांतरित करने पर फैसला नहीं ले सकती है।

परमेश्वर ने एक सवाल के जवाब में पत्रकारों से कहा, जेल प्राधिकारी अदालत तथा अन्य प्राधिकारियों से विचार-विमर्श कर इस पर फैसला लेंगे। सरकार इस पर फैसला नहीं लेती है। कुछ नियम हैं क्योंकि वे (दर्शन और अन्य सह-आरोपी) विचाराधीन कैदी हैं, इसके आधार पर प्राधिकारी फैसला लेंगे।

यह पूछने पर कि प्राधिकारी कब तक फैसला लेंगे, इस पर उन्होंने कहा, ''वे आने वाले कुछ दिनों में फैसला लेंगे।'' दर्शन को ''विशेष सुविधाएं'' देने की प्रारंभिक जांच के बाद परप्पना अग्रहारा जेल के मुख्य अधीक्षक समेत नौ जेल अधिकारियों को उनकी ''चूक'' के लिए सोमवार को निलंबित कर दिया गया था। जेल अधिनियिम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में तीन प्राथमिकियां भी दर्ज की गयी हैं।

जेल में कुछ चूक पाए जाने को स्वीकार करते हुए परमेश्वर ने कहा कि कैदियों को एक बैरक से दूसरे बैरक में जाने की अनुमति दी गयी और यह सीसीटीवी कैमरों में दर्ज है। उन्होंने कहा, इसलिए जेल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा, नौ अधिकारियों को निलंबित किया गया है, उनकी जगह नियुक्ति की जाएगी। मुख्य अधीक्षक और अधीक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है, साथ ही दर्शन और उनके समूह को कुर्सी, कॉफी, सिगरेट देने वाले अन्य लोगों को भी निलंबित कर दिया गया है...ये सभी चीजें सीसीटीवी में कैद हुई हैं, इसके आधार पर इन सभी को निलंबित किया गया है।

मंत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी को भी नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा, अधिकारी की जांच के नतीजों के आधार पर हम कुछ स्थायी समाधान निकालेंगे।

पूर्व सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना जैसे कई अन्य हाई-प्रोफाइल कैदियों को कथित तौर पर ''शाही सुविधाएं'' दिए जाने के बारे में एक सवाल पर परमेश्वर ने कहा कि दर्शन की घटना के बाद जेल में सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी और इसके लिए भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# इजराइल ने ओरली वेइत्जमैन को दक्षिण भारत के लिए अपना नया महावाणिज्य दूत नामित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। इजराइल के बेंगलूरु महा वाणिज्य दूतावास ने ओरली वेइत्जमैन को दक्षिण भारत में अपना नया महावाणिज्य दूत नियुक्त करने की घोषणा मंगलवार को की। महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि वेइत्जमैन के पास प्रचूर राजनयिक अनुभव है और वह इजराइल एवं भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इजराइली महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि वेइत्जमैन ने इजराइल के विदेश मंत्रालय में कई अहम पदों पर काम किया है। उनकी पूर्व भूमिकाओं ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय संबंधों, व्यापार एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान की गहरी समझ प्रदान की है। वेइत्जमैन के हवाले से बयान में कहा गया है, दक्षिण भारत में इजराइल के महावाणिज्यदूत के रूप में सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है और मैं स्थानीय सरकार, व्यवसायों और यहां के जीवंत समुदाय के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर हम आपसी विकास के लिए नए अवसरों की खोज कर सकते हैं और अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रख सकते हैं। बेंगलूरु स्थित इजराइल महावाणिज्य दूतावास कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी सहित दक्षिणी राज्यों को अपनी सेवाएं देता है।



# बेंगलूरु और उत्तर कर्नाटक के बीच यात्रा समय कम करने पर जोर

## लागत-साझाकरण रेलवे परियोजनाओं की बुनियादी ढांचा मंत्री ने प्रगति की समीक्षा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल ने मंगलवार को केंद्र सरकार के सहयोग से कई लागत-साझा रेलवे परियोजनाओं के संबंध में दक्षिण पश्चिम रेलवे के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण प्रगति समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें गदग-वाडी, धारवाड़-बेलगावी, तुमकुरु-दावणगेरे और तुमकुरु-रायदुर्गा जैसी कई रेलवे परियोजनाओं को प्रभावित करने वाली भूमि अधिग्रहण संबंधी बाधाएं शामिल थीं। इन कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक कार्रवाइयों की पहचान करने और उन्हें लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक के दौरान मंत्री ने कई अधिकारियों से (फोन पर) संपर्क किया, जिनमें मंत्री प्रियंक खरगे, लक्ष्मी हेब्बलकर, संतोष लाड और दावणगेरे तथा हावेरी जिलों के उपायुक्त तथा कृष्णा जल भाग्य निगम के शीर्ष अधिकारी शामिल थे। उन्होंने उनसे अपने-अपने जिलों में परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों को हल करने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जल्द ही केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना के साथ बैठक करने की योजना की घोषणा की।

बैठक में गदग-होटगी के बीच 242 किलोमीटर लंबे डबल ट्रैक, बागलकोट और कुदाची के बीच 45 किलोमीटर लंबे डबल ट्रैक, अलमाटी के बैकवाटर क्षेत्र में छोटे पुलों से जुड़े मुद्दे, विजयपुरा तक वंदे भारत ट्रेन शुरू करने में आने वाली बाधाओं और हुब्बल्ली दक्षिण रेलवे स्टेशन पर बुनियादी ढांचे की कमी पर भी चर्चा हुई। मंत्री पाटिल ने इस बात पर जोर दिया कि इन मुद्दों को हल करने से बेंगलूरु से विजयपुरा तक की यात्रा का समय लगभग 10 घंटे तक कम हो सकता है।

### हुब्बल्ली बाईपास

वर्तमान में, बेंगलूरु से उत्तर कर्नाटक की ओर जाने वाली ट्रेनें हुब्बल्ली साउथ स्टेशन के पास गदग की ओर मुड़ती हैं। ये ट्रेनें गदग मुख्य स्टेशन को बायपास करके गदग बाईपास के माध्यम से विजयपुरा और सोलापुर की ओर जाती हैं।

मंत्री पाटिल ने बताया कि हुब्बल्ली स्टेशन को अधिक यात्री-अनुकूल तरीके से विकसित करने और इंजन बदलने के लिए हुब्बल्ली मुख्य स्टेशन पर ट्रेनों को रोकने की आवश्यकता से बचने से बेंगलूरु और विजयपुरा के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा।

समीक्षा बैठक में गदग-वाडी, बागलकोट-कुदाची, तुमकुरु-दावणगेरे और तुमकुरु-रायदुर्गा परियोजनाएं पर चर्चा की गई साथ ही अन्य परियोजनाएं चिक्कमगलुरु-हादीहल्ली, हादीहल्ली-बेलूर, हासन-बेलूर, शिम्मोग्गा-शिकारीपुरा-राणेबेन्नूर और धारवाड़-बेलगावी परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में राज्य अवसंरचना विकास निगम की प्रबंध निदेशक डॉ. मंजुला, मुख्य अभियंता मुथुराजू और दक्षिण पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा और जेडीएस नेताओं के खिलाफ राज्यपाल से मंजूरी मांगने के लिए 31 को राजभवन चलो : उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी राजभवन चलो का आयोजन कर राज्यपाल से आरोपों का सामना कर रहे भाजपा और जेडीएस नेताओं पर मुकदमा चलाने की अनुमति देने का आग्रह करेगी। केपीसीसी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी, पूर्व मंत्री मुरुगेश निरानी, जनार्दन रेड्डी और शशिकला जोले के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगने के लिए राज्यपाल के समक्ष अपील लंबित हैं। हम इन नेताओं के खिलाफ़ अनुमति मांगने के लिए राजभवन चलो का आयोजन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारे 'ईमानदार बड़े भाई' कुमारस्वामी पर खनन मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति मांगने वाली लोकायुक्त की अपील राज्यपाल के पास कुछ समय से लंबित है। लोकायुक्त ने 10 साल की अवधि में विस्तृत जांच के बाद उन पर मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है, फिर भी राज्यपाल ने अभी तक मंजूरी नहीं दी है। उन्होंने कहा, राजभवन चलो यात्रा सुबह 10 बजे विधान सौधा के पास गांधी प्रतिमा से शुरू होकर राजभवन पहुंचेगी। मुख्यमंत्री, सभी मंत्री, कांग्रेस विधायक, एमएलसी और सांसद इस रैली का हिस्सा होंगे। रैली के अंत में हम राज्यपाल को एक अपील सौंपेंगे।

उन्होंने कहा, हालांकि कुछ भाजपा-जेडीएस नेताओं के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं, लेकिन राज्यपाल ने मंजूरी नहीं दी है, लेकिन मुख्यमंत्री के खिलाफ बिना प्रारंभिक जांच के ही मंजूरी दे दी गई है। हमने राज्यपाल के ध्यान में लाया है कि लोकायुक्त और एसआईटी से मंजूरी के लिए कई अपीलें उनके पास लंबित हैं। उन्होंने कहा, लोकायुक्त एसआईटी ने 21-11-2023 को राज्यपाल को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन धाराओं का विवरण दिया गया था, जिनके तहत कुमारस्वामी को लौह अयस्क खदान के अवैध आवंटन में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। एसआईटी ने 10 वर्षों में विस्तृत जांच के बाद राज्यपाल से मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन कोई मंजूरी नहीं दी गई। प्रेस वार्ता में केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर, प्रवक्ता एम लक्ष्मण, महिला विंग की अध्यक्ष सौम्या रेड्डी सहित अन्य लोग शामिल हुए।




**डाकघर हुआ सील**

बेंगलूरु बृहद् महानगर पालिका (बीएमपीपी) ने सेंट जॉन रोड पर स्थित 1665 वर्गफीट में डाकघर को पुराना संशोधित किराया नहीं देने के कारण कई बार नोटिस देने के बाद भी नहीं देने पर जोनल आयुक्त (पूर्व) के आदेश पर 26 अगस्त को दुकान को सील कर दिया। उक्त दुकान का कल 88,91,695 रुपए बकाया है। वहीं वसंतनगर में भी डाकघर को किराना नहीं देने पर सील किया।



# मराठा एलआईआरसी के सैनिकों ने कृष्ण जन्माष्टमी और दही-हांडी उत्सव मनाया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । मराठा एलआईआरसी के सैनिकों ने कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार बहुत उत्साह के साथ मनाया। यह कार्यक्रम महादेव मंदिर में मध्य रात्रि को भगवान कृष्ण के प्राकट्य उत्सव के साथ शुरू हुआ, जो रेजिमेंटल सेंटर में दही-हांडी के साथ संपन्न हुआ। इस उत्सव में मानव पिरामिड बनाकर ऊपर लटकी दही से भरी मटकी तक पहुंचकर उसे फोड़ना शामिल होता है। इसे सैनिकों के बीच एक प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया, जिससे उनमें और ज्यादा जोश भर गया। इन विशाल मानव पिरामिडों के निर्माण में सैन्यकर्मियों को समन्वय करते हुए अपनी शारीरिक क्षमता और टीम वर्क का प्रदर्शन करते देखना आनंददायक दृश्य था।


पारंपरिक उत्साह से परिपूर्ण इस समारोह में सैनिकों ने एकता और सौहार्द का प्रदर्शन किया तथा गहरी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत किया। कृष्ण जन्माष्टमी जैसे आयोजन सैनिकों में सांस्कृतिक गौरव और अपनत्व की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# कांग्रेस, भाजपा ने विधायक मुकेश से इस्तीफा मांगा

तिरुवनंतपुरम/कोच्चि। कांग्रेस और भाजपा ने मंगलवार को विधायक पद से अभिनेता-राजनेता एम. मुकेश के इस्तीफे की मांग तेज कर दी। यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे माकपा विधायक ने इसे वही राजनीतिक नाटक करार दिया, जिसका मंचन 2018 में किया गया था। मुकेश ने कहा कि आरोपों के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए उचित और पारदर्शी जांच आवश्यक है। उन्होंने दावा किया कि एक समूह पैसे के लिए उन्हें ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है और वे ही आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने कहा कि मुकेश को विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सतीसन ने कहा कि यह मुकेश और उनकी पार्टी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पर निर्भर है कि वह फैसला करें कि उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या नहीं, और उम्मीद है कि वे उचित निर्णय लेंगे।

विपक्षी नेता ने कहा, मुकेश पर कई आरोप लगाए गए हैं और केरल का समाज उत्सुकता से देख रहा है कि वह और उनकी पार्टी इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार ने असली दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की होती तो फिल्म उद्योग में निर्दोष लोगों पर हमला नहीं होता। सुरेंद्रन ने माकपा और राज्य सरकार पर मुकेश को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अगर निर्देशक रंजीत और अभिनेता सिद्दीकी इस्तीफा दे सकते हैं, तो मुकेश क्यों नहीं? एक बयान में केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) ने राज्य सरकार पर न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के आधार पर कोई कार्रवाई न करके कुछ लोगों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया।




**शिलान्यास**

बेंगलूरु के मल्लेश्वरम् स्थित केजी जनरल अस्पताल परिसर में मातृ एवं शिशु अस्पताल भवन के शिलान्यास के मौके पर अपनी बात रखते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, मंत्री दिनेश गुंडूराव, गारंटी योजनाओं के प्रदेश अध्यक्ष एचएम रेवन्ना और अन्य उपस्थित थे।

## नंदोत्सव



जयपुर में मंगलवार को भक्तगण गोविंद देव जी मंदिर में 'नंदोत्सव' के दौरान एक समारोह के हिस्से के रूप में भगवान कृष्ण से संबंधित वस्तुओं को इकट्ठा करते हुए

# ओपीएस और यूपीएस पर स्थिति स्पष्ट करे राज्य सरकार : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) या एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में से किसे लागू करेगी ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असमंजस दूर हो। गहलोत ने इस बारे में 'एक्स' पर लिखा, राजस्थान के कार्मिकों के हित एवं उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए हमारी सरकार ने 2022 में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की थी। अब भारत सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना ला दी है





जिसके बाद राज्य के कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है। वे जानना चाहते हैं कि यहां सरकार ओपीएस जारी रखेगी या यूपीएस लागू करेगी। इस पर राज्य सरकार अविलंब स्थिति स्पष्ट करे जिससे कार्मिक बिना किसी तनाव के अच्छे से काम कर सकें।

पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार राजस्थान की भाजपा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि भारत सरकार द्वारा नई पेंशन योजना (एनपीएस) का अंशदान इकट्ठा करने वाली पीएफआरडीए के पास राज्य सरकार के कर्मचारियों का 40,000 करोड़ रुपये जमा है। उन्होंने कहा कि उनकी (पिछली) सरकार ने कई बार कर्मचारियों की इस जमा पूंजी को राज्य को लौटाने का अनुरोध किया परन्तु केन्द्र सरकार ने यह राशि नहीं लौटाई।

गहलोत ने लिखा, भाजपा सरकार ने अभी तक कर्मचारियों की इस मेहनत की जमा पूंजी को वापस लेने के लिए क्या कदम उठाए हैं और यह राशि कब तक वापस आएगी? क्या कथित 'डबल इंजन' सरकार का लाभ राज्य के सरकारी कर्मचारियों को नहीं मिलेगा?

# हड़ताल से लगभग 30 हजार निजी बसों के पहिए थमे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के निजी बस संचालकों ने किराया बढ़ाने, अस्थाई परमिट जारी करने की प्रक्रिया के सरलीकरण सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को एकदिवसीय हड़ताल की।

इससे विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में लोग परेशान हुए। बस ऑपरेटर एसोसिएशन–राजस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने दावा किया कि इस एक दिवसीय हड़ताल के कारण राजस्थान भर में करीब 30 हजार निजी बसें आज नहीं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हड़ताल के कारण इन बसों का परिचालन सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक बंद रहेगा। बस संचालक अपनी मांगों को लेकर जयपुर के सिंधी कैंप समेत पूरे प्रदेश में जगह–जगह प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमने अपनी 24 सूत्रीय मांगें परिवहन विभाग को सौंपी हैं। मांगें पूरी नहीं होने से बस संचालकों में नाराजगी है। साहू ने बताया कि हड़ताल के कारण राज्य भर में लगभग 40 लाख लोगों का आवागमन प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के बाद बस संचालक सभी जिला मुख्यालयों पर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

## ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से युवक की मौत

धौलपुर। राजस्थान में धौलपुर जिले के आंगई थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि एक दर्जन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गडरपुरा गांव के पास में मंगलवार सुबह ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमें सवार वीरेंद्र ठाकुर (53) की मौत हो गई जबकि एक दर्जन अन्य लोग घायल हो गये।

उसने बताया कि ये सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के रहने वाले थे तथा विशनगिरि धाम पर दर्शन करके अपने घर वापस लौट रहे थे। पुलिस का कहना है कि घायलों को उपचार के लिये बाड़ी के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और मामले की जांच की जा रही है।



# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य में जमीनी स्तर पर प्रयास हों : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पहली कक्षा से ही चरित्र निर्माण और संस्कारी नागरिक बनाने पर जोर देते हुए राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य में जमीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए। वह राजभवन में शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने पिछड़े क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां पर राजकीय ही नहीं, बल्कि निजी क्षेत्र में भी स्तरीय विद्यालय खोले जाने को प्रोत्साहन देने की नीति पर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता राज्य के गांव–गरीब के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए।

उन्होंने घुमंतू परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस सिलसिले में निजी क्षेत्र को सहयोग के लिए प्रेरित किए जाने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने विद्यालयों में चरित्र निर्माण, संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा और नैतिक मूल्य के पाठ भी विशेष रूप से सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता जताई।

बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में संस्कार को प्राथमिकता देते हुए प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश गुणवत्ता शिक्षा में निरंतर विकास करे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में राज्य में किए जाने वाले विशेष प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी।

बागड़े ने प्रारंभिक, माध्यमिक शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, साक्षरता और सतत शिक्षा, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल आदि के अंतर्गत राज्य में शिक्षा प्रसार के लिए हो रहे काम के बारे में जानकारी लेते हुए राजस्थान को शिक्षा क्षेत्र में देशभर में अग्रणी बनाने का आह्वान किया। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वी ने शिक्षा विभाग से जुड़ी योजनाओं और कार्यों के बारे में बताया।

## राजस्थान के बागीदौरा में 202 मिलीमीटर बारिश

जयपुर। राजस्थान में मानसून की भारी बारिश का दौर जारी है और बीते चौबीस घंटे में बागीदौरा में सबसे अधिक 202 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में भारी बारिश का दौर अभी जारी रहने की संभावना है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान में अनेक स्थानों पर तथा पूर्वी राजस्थान में अधिकतर स्थानों पर बादलों की गरज के साथ वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान जयपुर, उदयपुर, बांसवाडा तथा डूंगरपुर जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा तथा बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिले में भारी से अति भारी बारिश हुई।

इस दौरान सबसे अधिक, 202 मिलीमीटर बारिश बागीदौरा (बांसवाड़ा) में दर्ज की गई। इसके अलावा बांसवाड़ा के सलोपट व शेरगढ़ में क्रमश: 167 मिमी. और 165 मिमी., डूंगरपुर के धंबोला और वेजा में क्रमश: 140 मिमी. और 135 मिमी. बारिश हुई जो अति भारी बारिश की श्रेणी में आती है। इसी दौरान बांसवाड़ा, डूंगरपुर, जयपुर, उदयपुर में 66 मिलीमीटर से लेकर 106 मिलीमीटर बारिश हुई। यह भारी श्रेणी की बारिश में आती है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि एक नए तंत्र के प्रभाव से उदयपुर, जोधपुर संभाग के दक्षिणी भागों में 27 अगस्त को भी तेज हवाओं के साथ भारी व कहीं–कहीं अति भारी बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है।



# केंद्रीय राज्यमंत्री बिट्टू राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य चुने गए हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने मंगलवार को राजस्थान से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी रवनीत सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। शर्मा ने निर्वाचित प्रत्याशी रवनीत सिंह के अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता एवं उनकी ओर से प्रमाण–पत्र लेने के लिए अधिकृत योगेन्द्र सिंह तंवर को प्रमाण–पत्र प्रदान किया।

तय कार्यक्रम के अनुसार राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन वापसी की अंतिम तारीख 27 अगस्त थी। इस चुनाव के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। इनमें से भाजपा के प्रतिस्थापन (डमी) उम्मीदवार सुनील कोठारी ने अपना नामांकन शुक्रवार को वापस ले लिया।

निर्दलीय प्रत्याशी बबीता वाधवानी का नामांकन पत्र बृहस्पतिवार को जांच के दौरान रद्द हो गया। इसके बाद उपचुनाव में भाजपा के रवनीत सिंह ही एकमात्र प्रत्याशी बचे थे और उनका निर्विरोध चुना जाना तय था। विपक्षी दल कांग्रेस ने इस उपचुनाव में उम्मीदवार न उतारने का फैसला किया था

राजस्थान से कांग्रेस के के सी वेणुगोपाल के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद इस्तीफा देने से खाली सीट पर उपचुनाव हुआ है। इस सीट पर सदस्यता का कार्यकाल 21 जून 2026 तक रहेगा। राजस्थान में कुल 10 राज्यसभा सीट हैं। बिट्टू के चुने जाने के बाद अब भाजपा एवं कांग्रेस के पास पांच–पांच सीट हैं।



# राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने प्रदेश में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं बताते हुए कहा हैं कि राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने के हमारे संकल्प को पूर्ण करने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रीमती दीया कुमारी ने मंगलवार को यहां आरटीडीसी की कार्ययोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास निगम लाभ की स्थिति में आये तथा अन्य राज्य के मुकाबले राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके इसके लिए कार्य किया जाना है।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाकर काम करें। इसके साथ ही अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फिल्ड में रहकर नियमित रूप से और निरंतर बेहतर प्रदर्शन किये जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी पर्यटन विभाग की जिन बजट घोषणाओं को पूरा करने में एजेंसी के रूप में काम कर रही है उन कामों को गुणवत्तापूर्ण रूप से लक्षित समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाये।

श्रीमती दीया कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ एवं आरटीडीसी प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल मौजूद थी।

# हैड कांस्टेबल आत्महत्या मामले की होगी एसआईटी से जांच : बैरवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा आत्महत्या मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके की जायेगी। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को यहां सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। डा बैरवा ने कहा कि हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा आत्महत्या का मामला एक अत्यंत दु:खद घटना है और इस प्रकरण की त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठित कर प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लोक हित में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में विधायक लालाराम, राम अवतार, राधे श्याम, विक्रम बंशीवाल आदि विधायकों तथा जयपुर पुलिस आयुक्त एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ मृतक के परिजनों के साथ वार्ता की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम एन के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया जाएगा। मृतक के पुत्र को शीघ्र ही राजकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति और पुत्री को जयपुर में संविदा पर नियुक्ति दी जाएगी। मृतक की 23 वर्षीय पुत्री को पुलिस परिवार द्वारा गोद लिया जाएगा और शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी पुलिस विभाग द्वारा वहन की जाएगी। वहीं पुलिस विभाग की तरफ से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया भी एक महीने में पूरी कर ली जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मृतक हैड कांस्टेबल के सेवा परिलाभ के 55 लाख रुपए एवं पेंशन की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी अनिल शर्मा एवं जगदीश व्यास को एपीओ किया गया है तथा उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह को निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार ने पार्थिव शरीर का पंचनामा पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किए जाने बाबत अपनी सहमति प्रकट कर दी है।



# मुख्यमंत्री ने सांगलिया धूणी पीठ पर लगाई धोक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को सीकर के दांतारामगढ़ में सांगलिया धूणी पीठ पर धोक लगाकर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। शर्मा ने धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास जी महाराज सहित उपस्थित संत–महात्माओं से आशीर्वाद लिया।

उन्होंने यहां समाधियों को नमन करते हुए संतों का स्मरण भी किया। उल्लेखनीय है कि सांगलिया धूणी पीठ के संत शिरोमणि 1008 बाबा खींवादास जी महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज उनके समाधि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस अवसर विधायक गोरधन वर्मा एवं सुभाष मील सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

जयपुर, । आगामी 9–11 दिसंबर, 2024 तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापान से आए विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में वाफुकु हॉस्पिटल एवं होम केयर ग्रुप, टोक्यो के चेयरमेन डॉ. नोबुहिको इशिदा, फुमिताका इशिवाता, शिंजी फुनामोरी, केनिची तकाशिमा, कैप्टन रामजी शर्मा और नील कंडिरा शामिल थे।

बैठक के दौरान राजस्थान व जापान के बीच संबंधों को मजबूत बनाने तथा विभिन्न प्रकार के निवेशों व मानव संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई । मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

## पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस गुरुवार से: भजनलाल करेंगे शुभारम्भ

जयपुर/दक्षिण भारत । प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस में चिंतन–मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी–आईजी सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। डीजीपी साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग–अलग सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में राज्य के एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी आनॅलाइन और ऑफलाइन मोड में 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे।

# भाजपा ने कोलकाता में छात्रों पर लाठीचार्ज की निंदा की, ममता के इस्तीफे, पॉलीग्राफ जांच की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी ने कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार व उसकी हत्या में शामिल लोगों को बचाने का पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाते हुए मंगलवार को उन्हें ''तानाशाह'' करार दिया और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उनके इस्तीफे की मांग की।

भाजपा ने यह भी मांग की है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) बनर्जी और पुलिस आयुक्त विनीत गोयल की 'पॉलीग्राफ' जांच कराए। पार्टी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने (गोयल) शुरू में कहा था कि पीड़िता ने आत्महत्या की है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में जो कुछ हो रहा है, वह चिंताजनक है। यह संविधान को तार-तार करने जैसा है। यह स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है कि यदि देश में कोई तानाशाह है तो वह ममता बनर्जी हैं।'' उन्होंने बनर्जी पर बलात्कार व हत्या मामले में संलिप्त लोगों को बचाने का आरोप लगाया और मांग की कि वह (बनर्जी) मुख्यमंत्री पद से तुरंत इस्तीफा दें, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी मांग की कि पीड़िता से बलात्कार व उसकी हत्या को शुरूआत में आत्महत्या बताने वाले पुलिस आयुक्त को इस्तीफा देना चाहिए और वह जांच का सामना करें। उन्होंने कहा, ''सच्चाई अवश्य सामने आनी चाहिए। सीबीआई मामले की जांच कर रही है। सच का पता लगाने के लिए इसे (सीबीआई को) ममता बनर्जी और पुलिस आयुक्त की पॉलीग्राफ जांच करनी चाहिए।'' पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने कहा कि प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार व उसकी हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया आरोपी संजय रॉय घटना की रात, कोलकाता पुलिस आयुक्त के नाम से पंजीकृत मोटरसाइकिल चला रहा था।

## भाजपा ने सचिवालय तक मार्च के दौरान गिरफ्तार छात्रों को रिहा करने की मांग की

**कोलकाता/भाषा।** भाजपा ने यहां एक अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और उसकी हत्या के मद्देनजर मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए राज्य सचिवालय की ओर मार्च निकालने के दौरान गिरफ्तार छात्रों की रिहाई की मांग की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पुलिस आयुक्त से मिलने के लिए पुलिस मुख्यालय लालबाजार तक एक रैली का नेतृत्व किया, जिसे पुलिस बल ने रोक दिया। मजूमदार अन्य नेताओं के साथ उसी स्थान पर धरने पर बैठ गए जहां उन्हें पुलिस ने रोका था। पार्टी की प्रदेश इकाई के एक नेता ने कहा, ''(भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष ने 'नबान्न' तक मार्च के दौरान विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किए गए छात्रों की बिना शर्त रिहाई की मांग की।''

## मैं पक्षपात करूंगा, 'मियां' मुस्लिमों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा: हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि वह पक्षपात करेंगे और 'मियां' मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे।

शर्मा नागांव में 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना की पृष्ठभूमि में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव पर विधानसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। जब विपक्ष के कुछ नेताओं ने मुख्यमंत्री पर पक्षपात का आरोप लगाया तो उन्होंने कहा, ''मैं पक्षपात करुंगा। आप क्या कर सकते है ?''

शर्मा ने कहा, ''लोअर असम के लोग अपर असम क्यों जाएंगे? ताकि मिया मुस्लिम असम पर कब्जा कर लें? हम ऐसा नहीं होने देंगे।''

तीखी नोकझोंक के बीच सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य आसन के समीप आ गए जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी को कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

कांग्रेस, एआईयूडीएफ और माकपा के विधायकों तथा एकमात्र निर्दलीय सदस्य अखिल गोगोई ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध समेत बढ़ती जुर्म की घटनाओं से उत्पन्न हालात पर चर्चा के लिए कार्य स्थगन प्रस्ताव दिया था।



## कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने के बाद मथुरा में 120 से अधिक लोग विषाक्तता के शिकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मथुरा (उप्र)/भाषा।** मथुरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 120 से अधिक लोग कुट्टू के आटे से बना 'फलाहार' खाने के बाद कथित तौर पर भोजन विषाक्तता के शिकार हो गये और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कुट्टू के आटे की आपूर्ति करने वाले दो दुकानदारों के यहां जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने छापा मारकर दुकानें सील कर दी हैं और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले 60 से अधिक लोगों की कुट्टू के आटे से बने पूड़ी और पकौड़े खाने के बाद विषाक्तता के कारण तबीयत बिगड़ गयी। बाद में उन्होंने बताया कि बीमारों की संख्या बढ़कर 120 से अधिक हो गयी है। उन्होंने बताया कि इन लोगों को पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत होने के बाद आगरा तथा मथुरा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की हालत स्थिर है और उनका इलाज किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के त्वरित प्रतिक्रिया दल (रैपिड रिस्पांस टीम) के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद ने बताया कि यह घटना सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे की है जब फरह थाना क्षेत्र के पांच-छह गांवों में 'फूड प्वॉयजनिंग' होने की शिकायत मिली। उन्होंने कहा, ''सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम फरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा गांवों में पहुंचीं और मरीजों को पहले सीएचसी में लाया गया, लेकिन जब संख्या बढ़ गई तो उन्हें जिला अस्पताल, वृन्दावन स्थित सौ-शैया संयुक्त चिकित्सालय और आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।''

मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि मरीजों की संख्या बढ़कर 120 से अधिक हो गयी है और लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया जा चुका है, जहां उनका उपचार जारी है। उन्होंने कहा कि लोगों की हालत में सुधार हो रहा है तथा आज दिन में जिन लोगों की हालत सुधर जाएगी, उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी।

## नड्डा ने कोलकाता में पुलिस के 'अत्याचार' को लेकर ममता की आलोचना की



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कोलकाता में प्रशिक्षु चिकित्सक के बलात्कार-हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों से निपटने में पुलिस की कथित ज्यादती की आलोचना करते हुए कहा, दीदी के पश्चिम बंगाल में बलात्कारियों एवं अपराधियों की मदद करने को महत्व दिया जाता है।''

नड्डा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर यह कटाक्ष पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने, पानी की बौछारें छोड़ने और आंसू गैस के गोले छोड़ने के बाद किया। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों पर पत्थर और ईंटें फेंकी तथा राज्य सचिवालय तक जाने के रास्ते में लगे बैरिकेड को गिराने का प्रयास किया।

नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कोलकाता से पुलिस की बर्बरता की तस्वीरें हर उस व्यक्ति को गुस्सा दिलाती हैं जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों को महत्व देता है। दीदी के पश्चिम बंगाल में बलात्कारियों और अपराधियों की मदद करना सम्मान की बात है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा के लिए बोलना अपराध है।

## 100-100 रुपए के चंदे से जन सुराज को 200 करोड़ रुपए जुटाने में मदद मिलेगी: प्रशांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**पटना/भाषा।** राजनीतिक रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने मंगलवार को 'जन सुराज' के लिए 'विकेंद्रीकृत चंदा' प्रणाली के जरिये कम से कम 200 करोड़ रुपए जुटाने का भरोसा जताया। 'जन सुराज' के दो महीने से भी कम समय में राजनीतिक पार्टी बनने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार में राजनीतिक परिदृश्य को बदलने की बात करने वाले 'इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी' (आईपीएसी) के संस्थापक किशोर ने संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में अपनी इस रणनीति का खुलासा किया। दरअसल संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने उम्मीदवार उतारने जा रही उनकी नई पार्टी के लिए संसाधन जुटाने की उनकी क्या योजना है। इस पर किशोर ने कहा, ''वित्त पोषण एक ऐसा सवाल है जो लंबे समय से लोगों के दिमाग में घूम रहा है। बेशक, स्थापित राजनीतिक दलों के विपरीत, हम अवैध शराब व्यापार और बालू खनन में शामिल माफिया से प्राप्त उदार चंदे पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हम विकेंद्रीकृत चंदे की प्रणाली अपनाएंगे।'' उन्होंने कहा कि जन सुराज पूरे राज्य में दो करोड़ लोगों से 100-100 रुपए की छोटी राशि का चंदा मांगेगा और विश्वास जताया कि लोग चंदा देंगे।

किशोर ने कहा, ''हम लोगों से 100 रुपए का चंदा देने के लिए कहेंगे ताकि जब जन सुराज अगली सरकार बनाए तो भ्रष्टाचार की जड़ों पर प्रहार हो और राशन कार्ड बनवाने और जमीन के दाखिल खारिज जैसी सेवाओं के लिए रिश्वत देना अतीत की बात हो जाए।'' उन्होंने चुनाव लड़ने के इरादे से जन सुराज में शामिल होने वालों को भी आश्वस्त किया कि ''वे धन की चिंता न करें, भले ही प्रतिद्वंद्वी अथाह संसाधनों वाला व्यक्ति क्यों न हो।'' किशोर ने दावा किया कि, ''हम इस तरह से कम से कम 200 करोड़ रुपए जुटा सकते हैं। हम चुनाव के समय तक इससे भी अधिक धन जुटा सकेंगे।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि आप में से कई लोग पैसा जुटाने के इस तरीके को लेकर संशय में होंगे। लेकिन याद रखें, समय बहुत बदल गया है। एक दशक पहले तक कुछ ही लोग सोशल मीडिया को गंभीरता से लेते थे, लेकिन आज आप इसे अपने जोखिम पर अनदेखा कर सकते हैं।''

## चोरी के आरोप में एक युवक के साथ अमानवीय कृत्य पर तेजस्वी ने कहा: बिहार में तालिबान राज



**अररिया/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) राजद के नेता तेजस्वी यादव ने अररिया जिले में चोरी के आरोप में पकड़े गये एक युवक के साथ अमानवीय कृत्य किये जाने पर मंगलवार को बिहार में तालिबान राज होने का आरोप लगाया ।

अररिया पुलिस ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, सोमवार को सोशल मीडिया पर अररिया जिले से संबंधित एक वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी। उसमें नजर आ रहा है कि एक युवक को चोरी के आरोप में कुछ लोगों द्वारा रस्सी से बांधकर उसके गुप्तांग पर मिर्च जैसा कोई पदार्थ डाला जा रहा है।'' उसने कहा, '' तकनीकी शाखा द्वारा सत्यापन किये जाने पर यह वीडियो अररिया थाना क्षेत्र के इस्लामनगर का पाया गया जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गयी और मोहम्मद सिफत नामक एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों का सत्यापन कर उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।'' इस बीच बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने 'एक्स' पर लिखा, ''बिहार में तालिबान राज...भाजपा/राजग बिहार में सत्ता में मौज से है इसलिए जातिवादी गोदी मीडिया मौन है।

## एनटीपीसी में मालगाड़ी और रेल इंजन के बीच टक्कर हुई

**रायबरेली, (उप्र)/भाषा।** रायबरेली में एनटीपीसी संयंत्र के अंदर सोमवार रात कोयला उतारकर वापस जा रही मालगाड़ी एक रेल इंजन से टकरा गयी। एनटीपीसी परियोजना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनटीपीसी परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने मंगलवार को बताया कि किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है तथा रेलवे ट्रैक की मरम्मत कराई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एनटीपीसी संयंत्र क्षेत्र में स्थित कोयला संयंत्र में सोमवार को कोयले की रैक आई थी और देर रात रैक खाली होने के बाद जब मालगाड़ी लौट रही थी, तब कुछ ही दूर जाने के बाद उसकी एक इंजन से टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि फलस्वरूप इंजन ट्रैक से नीचे उतर गया और यह जानकारी मिलने पर एनटीपीसी के अधिकारी और सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गए। मंगलवार को एनटीपीसी की ओर से ट्रैक को दुरुस्त कर इंजन को पटरी पर लाने का काम तेजी से शुरू हो गया ।

## अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने का किया आग्रह



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के मंत्री मामा नतुंग ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से घुसपैठ, उग्रवादी गतिविधियों और अवैध तरीके से सीमापार आवाजाही जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राज्य की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का आग्रह किया है।

अधिकारियों ने बताया कि नतुंग ने सोमवार को शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की।

अरुणाचल प्रदेश पश्चिम में भूटान के साथ 160 किलोमीटर, उत्तर और उत्तर-पूर्व में चीन के साथ 1,080 किलोमीटर और पूर्व में म्यांमा के साथ 440 किलोमीटर सीमा साझा करता है।

अरुणाचल प्रदेश के गृहमंत्री नतुंग ने कहा, ''घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी, उग्रवादी गतिविधियों और अवैध सीमापार आवाजाही जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाना पूर्वोत्तर राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है।''

नतुंग ने शाह को बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के मद्देनजर राज्य की जांच चौकियों पर 'इनर लाइन परमिट' की सख्त जांच और हाल ही में आधार कार्ड को ई-आईएलपी से जोड़ने के माध्यम से सतर्कता बढ़ाने के बारे में भी जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि नतुंग ने केंद्रीय गृहमंत्री को तिरप चांगलांग लोंगडिंग (टीसीएल) जिलों के लिए पैकेज 2.0 कार्ययोजना सौंपी।

नतुंग ने कहा, ''राज्य पुलिस में अतिरिक्त क्षमताएं तत्काल बढ़ाने के लिए टीसीएल पैकेज 1.0 को समेकित करना महत्वपूर्ण है, ताकि टीसीएल 1.0 पैकेज में पहले से जुटाए गए संसाधनों और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सके।'' उन्होंने कहा कि संशोधित टीसीएल 2.0 प्रस्ताव में बुनियादी घटक बुनियादी ढांचे, गतिशीलता और उपकरण होंगे।

अधिकारियों ने बताया कि शाह ने सकारात्मक परिणाम के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## बहराइच में भेड़ियों के हमले में एक और बच्चे की मौत, तीन अन्य घायल

**बहराइच (उप्र)/भाषा।** बहराइच जिले में भेड़ियों का आतंक जारी है और बीती रात इनके हमले में एक और बच्चे की मौत हो गई जबकि तीन अन्य बच्चे घायल हो गए। पिछले डेढ माह के भीतर पांच बच्चे भेड़ियों के हमले का शिकार हो चुके हैं। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार, सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात भेड़ियों ने हमला करके एक गांव के तीन बच्चों को घायल कर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए टीम जब तक वहां पहुंचतीं तब तक दूसरे गांव पहुंच चुके भेड़िए ने एक पांच वर्षीय बच्चे को निवाला बना डाला। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने कहा, ''महसी तहसील के हरदी थाना क्षेत्र में हमारी कई टीम दो दर्जन से अधिक गांवों में लगातार दिन-रात गश्त पर हैं। इस बीच खबर मिली कि खैरीघाट थानांतर्गत छत्तरपुर ग्राम पंचायत के तीन, छह व नौ साल के तीन बच्चों पर भेड़ियों ने हमला कर दिया।'' हालांकि, गांव वासियों की मुस्तैदी से बच्चों को बचा लिया गया। टीम जब तक वहां पहुंचती तब तक हमलावर जानवर गांव ग्राम पंचायत रायपुर के मजरा दीवानपुरवा पहुंच गया और माता-पिता के साथ सो रहे अयांश (पांच) पुत्र सजन को उठा ले गया।

## मायावती फिर चुनी गयीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, कहा: कभी रुकेंगे नहीं, समझौता नहीं करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का एक बार फिर सर्वसम्मति से मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। बसपा ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार बसपा की केंद्रीय कार्यकारी समिति तथा अखिल भारतीय स्तर तथा राज्य पार्टी इकाइयों के वरिष्ठ पदाधिकारियों और देशभर से चुने गए प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया। लोकसभा और राज्यसभा की पूर्व सदस्य मायावती ने जून, 1995 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और चार बार उन्होंने यह दायित्व संभाला। बयान के अनुसार राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद सतीश चंद्र मिश्र ने मायावती (68) के सर्वसम्मति से पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। चुनाव के बाद अपने संक्षिप्त संबोधन में मायावती ने छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को आश्वासन दिया कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए वह हर तरह का त्याग करने के लिए हमेशा की तरह तैयार हैं।

## भाजपा से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर सहमति : उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे का समझौता भाजपा से एकजुट होकर मुकाबला करने तथा ऐसी सरकार बनाने के उद्देश्य से किया गया है जो लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगी।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस द्वारा क्रमश: 51 और 32 सीटों पर चुनाव लड़ने पर सहमति जताए जाने के एक दिन बाद, नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि गठबंधन में घटकों को एक-दूसरे को समायोजित करना होता है। उन्होंने पुलवामा जिले के अवंतीपोरा में कहा, गठबंधन में कई चीजें सहन करनी पड़ती हैं। कुछ (सीटें) पाने के लिए आपको कुछ (सीटें) छोड़ना पड़ता हैं। हमारा मानना है कि गठबंधन द्वारा लिया अंतिम निर्णय बहुत अच्छा था। ईश्वर की इच्छा से गठबंधन सफल होगा और यहां सरकार बनाएगा जो लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी।

## 'भुवनेश्वर में 191 अवैध इमारतों को ध्वस्त करने के आदेश जारी किए गए'

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा सरकार ने भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण के तहत आले वाले क्षेत्र में 191 अवैध अपार्टमेंट और इमारतों को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। राज्य के आवास एवं शहरी विकास मंत्री कृष्ण चंद्र महापात्र ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक रणेंद्र प्रताप स्वैन के सवाल का लिखित जवाब देते हुए महापात्र ने बताया कि भुवनेश्वर विकास प्राधिकरण (बीडीए) के न्यायाधिकार क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए गए अपार्टमेंट और इमारतों के खिलाफ कुल 491 मामले दर्ज किए गए हैं। महापात्र ने बताया कि इन 491 मामलों में से 191 मामलों में ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किए गए हैं जबकि 63 मामले वापस लिए गए। उन्होंने बताया कि 237 मामले अब भी विचाराधीन हैं।

# टी20 विश्व कप में आखिरी बाधा पार करेंगे : कौर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कप्तान हरमनप्रीत कौर आशावादी हैं कि भारत आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के दौरान अपना पहला वैश्विक खिताब जीतेगा। उन्होंने कहा कि यूएई की परिस्थितियां उनकी टीम के लिए फायदेमंद होंगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए तीन से 20 अक्टूबर तक होने वाले महिला टी20 विश्व कप को यूएई में स्थानांतरित कर दिया था।

हरमनप्रीत ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''जब भी हम इस तरह के मंच (विश्व कप) पर खेलते हैं तो हम हमेशा अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमने अतीत में भी हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और उम्मीद करते हैं कि इस बार हम अंतिम बाधा को पार करने में सफल रहेंगे और खिताब जीतेंगे।''

हरमनप्रीत को मंगलवार को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया।

पैंतीस साल की हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट के आयोजन स्थल में बदलाव को अधिक तवज्जो नहीं दी और कहा कि यूएई की परिस्थितियां भारत से काफी मिलती-जुलती हैं। उन्होंने कहा, ''हमने यूएई में काफी क्रिकेट नहीं खेला है। लेकिन यूएई की परिस्थितियों भारतीय परिस्थितियों के समान होंगी।''

हरमनप्रीत 2020 टी20 विश्व कप में भी भारत की कप्तान थीं जब टीम ने फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने कहा, ''हम देखेंगे कि (वहां) परिस्थितयां कैसी रहती हैं और जितना जल्दी हो हालात से सामंजस्य बैठाने का प्रयास करेंगे।''

परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, हरमनप्रीत चाहती हैं कि टीम विश्व कप में 'सकारात्मक' खेल दिखाए। उन्होंने कहा, ''एक टीम के रूप में, हम अपनी हार से सीखते हैं और उन बाधाओं को तोड़ते हैं जो हमें पीछे धकेल रही हैं। उम्मीद है कि इस बार हम विश्व कप में और अधिक सकारात्मक तरीके से खेल पाएंगे।''

हरमनप्रीत ने भारतीय गेंदबाजों का भी समर्थन किया जो हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में लड़खड़ा गए थे।

भारतीय कप्तान ने कहा, ''गेंदबाज एक टीम के रूप में वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उम्मीद है कि इस विश्व कप में हम सब कुछ सही करेंगे।''

## उपेंद्र कुशवाहा और मनन कुमार मिश्रा बिहार से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्र को मंगलवार को बिहार से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

कुशवाहा एवं मिश्र को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र सौंपे जाने के समय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख और राज्य सरकार में मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल समेत कई सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता उपस्थित थे। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद कुशवाहा एवं मिश्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आवास जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की।



मुख्यमंत्री ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की शुभकामनाएं दीं। इन दोनों उम्मीदवारों द्वारा 21 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल करने के समय बिहार विधानसभा सचिवालय में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित राजग के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर (भाजपा) और मीसा भारती (राजद) के लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण राज्यसभा की दो सीट पर यह उपचुनाव कराया गया ।

### सुविचार

खुशी वो नहीं है जो दिखती है, खुशी वो है जो महसूस होती है!

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अंधविश्वास का दलदल

विज्ञान और अनुसंधान के इस युग में कई लोगों का अंधविश्वास के दलदल में धंसा होना चिंता का विषय है। हर महीने ऐसी कई खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं, जब अंधविश्वास के कारण किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाई गई या उसे जान गंवानी पड़ी। एक तरफ हमारा देश महासागरों से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है, वहीं इसी देश के कई नागरिक अंधविश्वासों की चपेट में आकर नुकसान उठा रहे हैं। पंजाब के गुरदासपुर जिले में भूत-प्रेत से छुटकारा दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति को इतना पीटा गया कि उसकी मौत हो गई! अब आरोपी पादरी और आठ अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो रही है। होनी भी चाहिए, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इसके बाद अंधविश्वासों के नाम पर ऐसी घटनाओं की रोकथाम होगी या नहीं? आज भी भूत-प्रेत, 'ऊपरी हवा' से छुटकारा दिलाने और धन दुगुना-चौगुना करने के नाम पर लोग खूब ठगे जा रहे हैं। गुरदासपुर जिले में जिस व्यक्ति की जान गई, उसके बारे में बताया जा रहा है कि उसे दौरे पड़ते थे और वह चिल्लाता रहता था। ऐसे में उसे चिकित्सा सहायता की जरूरत थी, न कि मार-पिटाई की। हैरानी की बात है कि भारत, जहां आयुर्वेद के रूप में महान आयुर्विज्ञान मौजूद है, वहां लोग इस किस्म के अंधविश्वासों में फंस जाते हैं! भूत-प्रेत भगाने के नाम पर कुछ लोगों की खूब चांदी हो रही है। वे किसी शारीरिक या मानसिक समस्या से पीड़ित व्यक्ति को कथित निजात दिलाने के लिए मनमानी कीमत वसूलते हैं। सोशल मीडिया से लेकर पत्र-पत्रिकाओं तक में उनके विज्ञापन छपते हैं। उनमें से कई तो वीडियो बनाकर अपने 'अनुभव' सुनाते हैं। वे कथित भूत-प्रेत पीड़ितों के जो लक्षण बताते हैं, अगर उन्हें सच मान लें तो अच्छे-भले व्यक्ति को भ्रम हो सकता है कि उस पर कोई संकट आने वाला है।

इन अंधविश्वासों की सूची बहुत लंबी है, लेकिन उनमें से चार-पांच बातों का ही विवेकपूर्वक विश्लेषण करें तो पता लग जाएगा कि यह कोरा ढकोसला है। कई फिल्मों और धारावाहिकों ने भी ऐसे किस्सों को खूब भुनाया है, जिनमें किसी 'पीड़ित' का लाल मिर्च के धुएं से 'इलाज' करते दिखाया जाता है। जब वह व्यक्ति तकलीफ में चीखता-चिल्लाता है तो कहा जाता है कि उसके शरीर से भूत भाग रहा है, जबकि असलियत यह है कि मिर्च का धुआं किसी भी व्यक्ति की चीखें निकलवा सकता है। इसी तरह चिमटे से पिटाई, कोड़े या जूते से पिटाई जैसे तरीके भी अंधविश्वास के उदाहरण हैं। अगर कोई व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ है और उस पर इन चीजों से प्रहार होगा तो उसे आनंद नहीं आएगा, बल्कि वह भी तकलीफ से चिल्लाएगा। इसके अलावा अंगुली मरोड़ने, सिर के बाल खींचने, जंजीर से पीटने / बांधने जैसे काम किसी व्यक्ति को समस्या से मुक्त नहीं करते, बल्कि उसके लिए कई समस्याएं पैदा करते हैं। देश में ऐसी घटनाएं होने के कई कारणों में से एक कारण यह भी है कि यहां मानसिक समस्याओं के निदान और समाधान के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। अगर किसी को शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित कोई समस्या हो तो उसका चिकित्सक के पास जाना सामान्य बात समझी जाती है। वहीं, मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या होने पर चिकित्सक के पास जाने को अजीब समझा जाता है। ऐसे व्यक्ति के बारे में कई तरह की बातें बढ़ा-चढ़ाकर फैला दी जाती हैं। जब समस्या काफी ज्यादा बढ़ जाती है तो परिजन को लगता है कि यह तो कोई और ही मामला है। उन्हें टोने-टोटकों में उम्मीद की किरण नजर आने लगती है। अगर वे किसी ऐसे व्यक्ति के चक्कर में फंस गए, जो 'मार-धाड़ से इलाज' करते हुए निजात दिलाने का दावा करता है तो पीड़ित जान भी गंवा सकता है। ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों, इसके लिए जरूरी है कि जनता को जागरूक किया जाए, अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जाएं। जो व्यक्ति अवैज्ञानिक एवं अमानवीय तरीकों से किसी की ज़िंदगी से खिलवाड़ करे, उसे कठोर दंड मिलना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



लोकदेवता वीर श्री गोगा जी महाराज के जन्मोत्सव गोगा नवमी के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। श्री गोगा जी महाराज का आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे, सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो।

**–भजनलाल शर्मा**



जन-जन के आराध्य, लोक देवता गोगाजी जी महाराज के जन्मोत्सव गोगा नवमी (भाद्रपद कृष्ण नवमी) पर उनका वंदन और सभी को शुभकामनाएं।श्रद्धा एवं भक्ति के इस पर्व पर सभी प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना करता हूं।

**–ओम बिरला**



जोधपुर के महात्मा गांधी राजकीय अस्पताल में नाबालिग बालिका से गैंगरेप की घटना राजस्थान में बनते जा रहे जंगलराज के हालातों का एक और उदाहरण है। ऐसा लगता है कि जोधपुर में जनप्रतिनिधियों और पुलिस दोनों का ही कानून व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं है।

**–अशोक गहलोत**

### प्रेरक प्रसंग

## सेवा-परोपकार का धर्म

नेमिषारण्य में ऋषि के आश्रम में रहकर उनका एक साधक शिष्य भगवान की उपासना में लीन रहता था। एक दिन उसने गुरुदेव के चरण दबाते हुए पूछा, 'गुरुदेव, यदि भगवान मेरी साधना से प्रसन्न होकर वर मांगने को कहें तो क्या मांगना चाहिए?' ऋषि ने कहा, 'भगवान से मांगना बुद्धि अर्थात ज्ञान। ज्ञान से बड़ी और मूल्यवान संसार में कोई वस्तु नहीं है।' 'यदि भगवान दूसरा वर मांगने को कहें तो क्या मांगूं?' गुरुदेव ने कहा, 'भक्ति मांगना। भगवान के प्रति, माता-पिता के प्रति भक्ति-भावना रखने वाला व्यक्ति सौभाग्यशाली होता है।' शिष्य ने पूछा, 'तीसरा वर क्या मांगना चाहिए?' गुरु ने बताया, 'सेवा व परोपकार में लगे रहने की प्रवृत्ति। सेवा व परोपकार सर्वोपरि धर्म है।' उन्होंने शिष्य को समझाया, 'सद्बुद्धि, सेवा व परोपकार-ये तीन ऐसे दुर्लभ गुण हैं कि इनसे संपन्न मानव के लिए स्वर्ग भी व्यर्थ है।'

### सामयिक

# नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी का देशविरोधी घोषणा-पत्र

डॉ. आशीष वशिष्ठ
मोबाइल : 94 5100 5200




जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के बाद पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। ये विधानसभा चुनाव क़रीब एक दशक के बाद होने जा रहे हैं। साल 2019 में केंद्र सरकार ने विशेष दर्जा खत्म कर जम्मू-कश्मीर को दो अलग-अलग केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया था। लद्दाख को भी अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। जम्मू-कश्मीर में ये विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। जम्मू-कश्मीर में बीते दो दशकों में इस बार का चुनाव सबसे कम समय में कराया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के आखिरी चुनाव साल 2014 में हुए थे। साल 2018 में बीजेपी और पीडीपी के गठबंधन वाली सरकार गिर गई थी। उस वक़्त आपसी मतभेद के चलते बीजेपी ने पीडीपी से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सरकार गिरने के बाद जम्मू-कश्मीर क़रीब छह सालों तक केंद्र सरकार के शासन में रहा।

जम्मू-कश्मीर चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरुआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाक परस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे उचित, 'संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वायदा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं! केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी 'गठबंधन इंडिया' की सरकार बन सकती है! हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा-पत्र में कहा है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। और हरी पर्वत को कोह-ए-मरान लिखा था। इस सवाल को गृह मंत्री अमित शाह ने भी उठाया था और कांग्रेस से सवाल पूछा था कि क्या वह शंकराचार्य पर्वत की पहचान खत्म करने की साजिश को समर्थन करती है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या क्या नेशनल कांफ्रेंस कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं? नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र में शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान बताने पर कश्मीरी हिंदुओं में आक्रोश फूट पड़ा है और इसे संस्कृति और पहचान को खत्म करने की साजिश करार दिया है। शंकराचार्य पर्वत व हरि पर्वत कश्मीरी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक हैं। कश्मीर का नाम कश्यप ऋषि से पड़ा। यह भूमि ऋषियों की भूमि है। इस भूमि से कश्मीरी हिंदुओं की आस्था, संस्कृति जुड़ी है। इनके नाम कैसे बदले जा सकते हैं। नेकां गंदी राजनीति खेल रही है। आज नेकां ने अपनी मंशा लोगों के सामने रख दी है।

कश्मीरी पंडित कॉन्फ्रेंस ने इस विषय पर फारूक अब्दुल्ला को सीधा पत्र लिखा है। उन्होंने फारूक अब्दुल्ला से पीएसए हटाने के वादे और अन्य बिंदुओं को भी हटाने की मांग उठाई है। अन्य कश्मीरी हिंदू संगठन भी इस नेशनल कांफ्रेंस की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। कश्मीर पंडित कॉन्फ्रेंस ने चुनाव आयोग को भी पत्र लिखा है और मांग उठाई है कि कश्मीरी हिंदुओं की पहचान को खत्म करने के प्रयास को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

वास्तव में, कश्मीरी हिंदू घाटी की हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता और संस्कृति के संवाहक हैं। कश्मीर पंडित कॉन्फ्रेंस के अनुसार नेशनल कांफ्रेंस हमारी सभ्यता के तमाम निशान मिटाना चाहती है। यह प्रयास नया नहीं है। कुछ कट्टरवादी तत्व पहले से इस प्रोपेगेंडा पर काम कर रहे हैं और लैलेश्वरी को लैला अरिफा और श्रीनगर को शहर-ए-खास बताने का प्रयास हो रहा है।

असल में नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी। पीडीपी ने यहां तक घोषणा की है कि जमात-ए-इस्लामी' पर से प्रतिबंध हटा दिया जाएगा। यानी कश्मीर में अलगाववाद, आतंकवाद, हड़ताल और बंद की पुरानी स्थितियों की वापसी के रास्ते तैयार किए जा रहे हैं? घोषणा-पत्र में आरक्षण खत्म करने का आश्वासन दिया गया है। क्या गुर्जर, बकरवाल, दलित, पहाड़ी जातियों के आरक्षण खत्म किए जाएंगे? यह निर्णय कांग्रेस की राष्ट्रीय राजनीति पर आघात की तरह साबित हो सकता है। ऐसे कई आश्वासन घोषणा-पत्रों में दिए गए हैं। बेशक ये देश-विरोधी घोषणाएं हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि केवल कश्मीरी पंडित ही नहीं बल्कि दुनियाभर में रचने बसने वाले हर हिंदू के लिए जहाँ शंकराचार्य पर्वत एक पवित्र स्थान है। वहीं इस्लामी कट्टरपंथियों की आँख में इसकी पवित्रता खटकती रहती है। जगहों के नाम बदलने की रिवायत उन्होंने इस स्थान के लिए प्रयोग की हुई है। आप अगर इंटरनेट पर देखेंगे तो पाएंगे कि कई जगह इस जगह को लोग तख्त-ए-सुलेमान का नाम देकर आज भी बुलाते हैं और शंकराचार्य पर्वत का नाम लोगों की स्मृति से मिटाने का काम करते हैं। मालूम हो कश्मीर का ये कोई पहला ऐसा स्थान नहीं है जिसका नाम बदलकर वहां का इस्लामीकरण करने का प्रयास किया गया हो। इसी कश्मीर के अनंतनाग जिले को इस्लामाबाद कहते भी कई लोगों को सुना जा चुका है।

कश्मीरी हिंदुओं का कहना है कि नेशनल कांफ्रेंस ने बता दिया है कि वह कश्मीरी हिंदुओं के पूरी तरह से खिलाफ है। नेशनल कांफ्रेंस एक तरफ कश्मीरी हिंदुओं की घर वापसी की बात करती है और दूसरी ओर अलगाववादी स्वर को बढ़ाना चाहती है। कश्मीरी हिंदुओं की आम राय है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के कदम आतंकवाद को बढ़ावा देंगे। नेशनल कांफ्रेंस के प्रयासों को लेकर कश्मीरी हिंदू संगठन आने वाले समय में आंदोलन छेड़ने का भी मन बना रहे हैं। वर्ष 2014 के जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पीडीपी 28 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। हालांकि, 2018 में भाजपा द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद भाजपा के साथ उसकी गठबंधन सरकार गिर गई थी। दस साल बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव भले ही हो रहे हैं, लेकिन वहां के क्षेत्रीय दलों और नेताओं का रवैया जस का तस है। उनके घोषणा पत्रों और वादों में उनके नीति और नीयत साफ तौर पर झलकती है।

ऐसे में अहम सवाल यह भी है कि विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर संविधान के रास्ते पर चलता हुए विकास के नये कीर्तिमान स्थापित करेगा या फिर से घाटी में अशांति, पत्थरबाजी और खून खराबे का दौर शुरू होगा। उम्मीद बेहतर की करनी चाहिए, सुख और शांति की करनी चाहिए, लेकिन क्षेत्रीय दल सियासत के लिए अमन चैन का दांव पर लगाने को अमादा दिखते हैं।

### नजरिया

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नए दौर की उम्मीद

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू-कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नए द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नए दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामाकंन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू-कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।

यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर-क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं।

चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने-अपने 'घोषणा-पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुंचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर-बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिए प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा।

इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू-कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक-दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक-दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड लाख पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है।

चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि जाति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है। ये चुनाव ऐसे मौके पर हो रहे हैं जब राज्य लम्बे दौर की विभिन्न चुनौतियों से जूझने के बाद शांति एवं विकास की राह पर अग्रसर है।

> **चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है।**

### महत्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मोदी जल्द ही सिंगापुर का दौरा करेंगे : बालकृष्णन

सिंगापुर/भाषा। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने घोषणा की है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शीघ्र ही सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत और सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्रियों के रणनीतिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद उन्होंने यह बात कही।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित चार सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा करने और आपसी हितों के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए सोमवार को यहां दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन (आईएसएमआर) में भाग लिया। मंत्रियों की इस बैठक को सकारात्मक बताते हुए बालकृष्णन ने कहा कि इससे प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा के लिए भी मंच तैयार हो गया है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इस पर भी काम कर रहे हैं क्योंकि बहुत जल्द ही हम प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा की भी घोषणा करेंगे। मैं आपको सटीक तारीख नहीं बता सकता, लेकिन यह जल्द ही होने वाली है।

बालकृष्णन ने कहा कि उन्नत विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के साथ ही विमानन और समुद्री संपर्क, ऐसे नए क्षेत्र हैं जिन्हें सिंगापुर और भारत ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा के लिए इस उच्च स्तरीय मंच पर शामिल किया है।

मंगलवार को 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' समाचार पत्र ने सिंगापुर के विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में ये दो नए क्षेत्र शामिल किए जाने से दोनों देशों के साथ-साथ उनकी कंपनियों के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर पैदा होंगे।

सोमवार को भारतीय मूल के मंत्री ने कहा कि दोनों देश उन्नत विनिर्माण और सेमीकंडक्टर पर सहयोग करना चाहते हैं - यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करना चाहता है, और जिसमें सिंगापुर अपनी क्षमता से कहीं अधिक योगदान दे रहा है।

सिंगापुर के विदेश मंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत में विमानन क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि होने की संभावना है, पिछले वर्ष ही भारत ने 1,000 से अधिक विमानों के लिए ऑर्डर दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में रखरखाव और हवाई परिचालन जैसी सेवाओं के लिए यह बहुत अच्छे अवसर प्रस्तुत करता है - यह एक अन्य विशिष्ट क्षेत्र है, जहां सिंगापुर और उसकी कंपनियां वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं। उन्होंने कहा, 1.4 अरब से ज्यादा लोगों वाला देश अब अपने विमानन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सुधार की ओर बढ़ रहा है। यह दो, तीन दशक में एक बार मिलने वाला अवसर है, और यह अच्छी बात है कि हम एक तरह से अग्रिम पंक्ति में हैं और हमारे पास (सहयोग करने का) मौका है।

# चीन ने ब्राजील के साथ तैयार की गई अपनी यूक्रेन शांति योजना के लिए और देशों से समर्थन मांगा

बैंकॉक। चीन ने यूक्रेन के लिए अपनी शांति योजना के पक्ष में समर्थन जुटाने के मकसद से इंडोनेशिया, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ कूटनीतिक वार्ता के बाद मंगलवार को और भी देशों से इस योजना का समर्थन करने का आह्वान किया। राजनयिक ली हुई ने 'ग्लोबल साउथ' के उक्त तीन देशों के प्रतिनिधियों और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने वाली उन महत्वपूर्ण ताकतों से मुलाकात की जो चीन के समान रुख रखते हैं।

यूरेशिया क्षेत्र के लिए चीन के विशेष दूत ली ने कहा, ''उन्होंने रूस और यूक्रेन, दोनों के साथ संवाद जारी रखा है तथा बातचीत और मध्यस्थता के जरिये संकट का राजनीतिक समाधान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं।''

चीन और ब्राजील ने इस साल की शुरूआत में एक संयुक्त शांति योजना का प्रस्ताव लाया था जो यूक्रेन और रूस, दोनों के साथ शांति बैठक की अपील करता है। चीन और रूस जून में स्विटजरलैंड में हुए शांति सम्मेलन में अनुपस्थित रहे थे। रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था जबकि चीन ने शामिल नहीं होने का विकल्प चुना था।

शुरुआत में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि चीन ने अन्य देशों पर शांति सम्मेलन में भाग नहीं लेने का दबाव बनाया है। लेकिन बाद में, यूक्रेन ने रूस के साथ चीन के घनिष्ठ संबंधों को ध्यान में रखते हुए, शांति प्रक्रिया में बीजिंग की भूमिका को महत्व दिया है।

## विरोध



भुवनेश्वर में मंगलवार को बीजद और कांग्रेस विधायकों ने जाति जनगणना की मांग को लेकर ओडिशा विधानसभा में अध्यक्ष सुरमा पाढ़ी के सामने विरोध प्रदर्शन किया।

## प्रदर्शन




कोलकाता में मंगलवार को छात्र संगठन 'पश्चिम बंगा छात्र समाज' और असंतुष्ट राज्य सरकार के कर्मचारियों ने 'पश्चिम बंगा छात्र समाज' द्वारा आयोजित 'नबन्ना मार्च' के दौरान आरजी कॉलेज में प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर चल रहे विवाद के बीच सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की।


# बाइडन ने यूक्रेन के प्रति शांति के संदेश और मानवीय मानवीय समर्थन के लिए मोदी की तारीफ की

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बात की और यूक्रेन के लिए उनके ''शांति के संदेश'' एवं ''मानवीय समर्थन'' को लेकर उनकी सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की कीव की ऐतिहासिक यात्रा पर और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से जल्दी शांति लौटने की संभावना पर चर्चा की। मोदी की 23 अगस्त की कीव यात्रा को कूटनीतिक संतुलन बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने पिछले महीने उनकी रूस यात्रा की आलोचना की थी और कई पश्चिमी देशों ने इस पर नाराजगी जताई थी। कीव यात्रा के दौरान मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा था कि यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए एक साथ बैठना चाहिए और भारत शांति बहाल करने में ''सक्रिय भूमिका'' निभाने के लिए तैयार है। मोदी की यात्रा के तीन दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की पहल पर सोमवार को दोनों नेताओं की बातचीत हुई

बाइडन ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर चर्चा करने के लिए फोन पर उनसे बात की और यूक्रेन के लिए शांति के उनके संदेश और मानवीय समर्थन को लेकर उनकी सराहना की।'' उन्होंने कहा, ''हमने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि में योगदान देने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।''

मोदी की रूस, पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा तथा बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी। व्हाइट हाउस ने इस फोन वार्ता की जानकारी दी और बांग्लादेश का कोई उल्लेख नहीं किया जिसका प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में जिक्र किया। मोदी की यूक्रेन की लगभग नौ घंटे की यात्रा, 1991 में यूक्रेन की आजादी के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है।

यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मोदी की शिखर वार्ता के छह सप्ताह बाद हुई है, जिससे कुछ पश्चिमी देशों में नाराजगी फैल गई थी। व्हाइट हाउस ने बताया कि दोनों नेताओं ने मोदी की पोलैंड और यूक्रेन की हालिया यात्रा के साथ-साथ सितंबर में प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों पर भी चर्चा की। उसने कहा, ''राष्ट्रपति (बाइडन) ने पोलैंड और यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्राओं के लिए प्रधानमंत्री (मोदी) की सराहना की, जो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इन देशों की पहली यात्रा थी। बाइडन ने यूक्रेन के ऊर्जा क्षेत्र के लिए सहयोग के अलावा वहां शांति और मानवीय समर्थन के वास्ते मोदी के संदेश की भी सराहना की।''



# फिल्म 'कोहरा 2' में मोना सिंह हुईं शामिल

**मुंबई/एजेन्सी**

सुपरहिट फिल्म 'मुंज्या' में अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के बाद अभिनेत्री मोना सिंह, बरुन सोबती अभिनीत कोहरा के दूसरे सीज़न में दर्शकों का मनोरंजन करने आ रही हैं। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने कोहरा सीजन 2 के बारे मे इंस्टाग्राम पर जानकारी दी। उन्होंने कैप्शन में लिखा,एक नया रहस्य, एक नई जांच, कोहरा जल्द ही छंटेगा, कोहरा सीज़न 2 जल्द ही आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर। नेटफ्लिक्स का नाटक कोहरा ,जिसने 2023 में दर्शकों को खूब रोमांचित किया था, अब नए चेहरों, नए रहस्य और जांच के साथ दूसरे सीज़न के लिए वापस आने के लिए तैयार है।

इस शो के सीज़न 1 को खूब सराहना मिली थी। शो कोहरा 2 का निर्देशन फ़ैसल रहमान के साथ शोरनर, निर्माता और सह-निर्माता सुदीप शर्मा द्वारा किया जाएगा और एक्ट थ्री प्रोडक्शंस और फिल्म स्क्वाड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया जाएगा। निर्माता (एक्ट थ्री प्रोडक्शंस) और निर्देशक के रूप में यह सुदीप शर्मा की पहली फिल्म होगी। 'कोहरा' पंजाब की एक पुलिस प्रक्रियात्मक कहानी है जो एक एनआरआई व्यक्ति की हत्या के इर्द-गिर्द घूमती है।

इसमें सुविंदर विक्की और बरुण सोबती मामले की जांच कर रहे पुलिसकर्मी की भूमिका निभाते नजर आयेंगे, हरलीन सेठी सुरिंदर की बेटी की भूमिका में हैं और लगान की राचेल शेली एनआरआई बच्चे के दोस्त की मां की भूमिका में हैं।



# कियारा का फैशन सेंस बोल्ड और एडवेंचरस : सिद्धार्थ मल्होत्रा

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने अपनी अभिनेत्री-पत्नी कियारा आडवाणी को लेकर कहा है कि उनका फैशन सेंस बोल्ड और एडवेंचरस है। अपनी पत्नी के फैशन के बारे में बात करते हुए सिद्धार्थ ने आईएएनएस से कहा, कियारा का फैशन सेंस बोल्ड और एडवेंचरस है।

उन्होंने कहा कि कियारा अपनी स्टाइल के साथ अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखती है। उन्होंने कहा, वह बिना किसी हिचकिचाहट के नए ट्रेंड अपनाती हैं और रंगों को इस्तेमाल करने से भी हिचकिचाती नहीं हैं। उनका स्टाइल काफी ग्लैमरस है। वह अपनी मजबूत व्यक्तिगत पहचान बनाए रखती है।'' सिद्धार्थ ने 2012 में स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी और बाद में एक विलेन और शेरशाह जैसी हिट फिल्मों में देखे गए। फैशन मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू करने वाले सिद्धार्थ ने कहा, मैं यह सुनिश्चित करता हूं कि हर काम परफेक्शन के साथ हो।

सिद्धार्थ और कियारा ने 2020 में डेटिंग शुरू की थी। शेरशाह के सेट पर दोनों की मुलाकात हुई और प्यार हो गया। उन्होंने 2023 में राजस्थान में शादी कर ली। सिद्धार्थ ने 2010 में माई नेम इज खान में करण जौहर के सहायक निर्देशक के तौर पर शुरुआत की। उन्होंने 2012 में फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से डेब्यू किया। इसके बाद उन्हें हंसी तो फंसी, एक विलेन, कपूर एंड संस, ए जेंटलमैन, अय्यारी, जबरिया जोड़ी जैसी कई फिल्मों में देखा गया। उन्होंने शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय अभिनीत डिजिटल थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर डेब्यू किया। सीरीज का निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया था।

# बेव सीरीज 'कॉल मी बे' का पहला गाना रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

अनन्या पांडे स्टारर बेव सीरीज 'कॉल मी बे' का पहला गाना मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। 'वेख सोनिया' नाम के इस गीत में अभिनेत्री कार से किसी शख्स या प्यार की तलाश करती हुई दिख रही हैं। यह गीत अनन्या की जीवंत और छोटी यात्रा की किसी खास विषय पर अपने आप में खुद को ढूंढ रही लड़की को दिखाता है। इस संगीत में चल रहे सीन एक जगह पर रुकने को मजबूर कर देते हैं। इस संगीत में अन्नया को मुंबई में अपने नए जीवन में कदम रखते हुए दिखाया गया है। ट्रैक के बारे में बात करते हुए अनन्या ने लिखा, ट्रेलर के लिए आपका प्यार और उत्साह जबरदस्त रहा है और मैं अपने किरदार बेला और सीरीज़ के लिए इससे बेहतर परिचय नहीं करा सकती थी। वह आगे कहती हैं, जब से मैंने पहली बार 'वेख सोहनेया' गाना सुना है, मैं उससे जुड़ गई हूं, इसने वाकई मेरा दिल जीत लिया है और मैं अपनी प्लेलिस्ट में इसे बार-बार बजाती हूं। संगीत टीम को इस तरह का माहौल बनाने के लिए बहुत-बहुत बधाई, जिसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।



इस गाने में अनन्या को अपनी पहचान और रोमांस से जुड़ी हुई कठिनाइयों से जूझती एक युवा महिला के रूप में दिखाई गया है। गाने के गायक चरण कहते हैं, 'वेख सोनिया' अपने अंदर की खूबसूरती और उसके अप्रत्याशित तरीकों से प्यार पाने के बारे में है। हम लोगों के लिए ऐसा अनुभव तैयार करना चाहते थे जो सीरीज की भावनात्मक यात्रा को दर्शाता हो। 'वेख सोहनेया' को अपनी आवाज़ देते हुए, बॉम्बे द आर्टिस्ट ने कहा, 'वेख सोनिया' को जीवंत करना एक शानदार अनुभव रहा है। यह ट्रैक आपको पहले नोट से ही कॉल मी बे की दुनिया में खींच लेता है और यह बॉम्बे और बेला की यात्रा के जीवंत वाइब्स के बारे में है, जो तेज गति से चलने वाला और भावपूर्ण है। मैं इस ट्रैक के साथ कॉल मी बे की दुनिया में कदम रखने वाले दर्शकों के लिए रोमांचित हूं।

'कॉल मी बे' एक धर्मेटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन है, जिसमें करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा कार्यकारी निर्माता हैं। इस सीरीज का निर्माण इशिता मोइत्रा ने किया है और इसका निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा ने किया है। इस सीरीज की कहानी अभिनेत्री अनन्या के इर्द-गिर्द घूमती है। इस कहानी में वह अपने प्यार की तलाश में टूटी हुई है, लेकिन वह इससे इनकार करते हुए, मुंबई के न्यूज़रूम में घूमती हुई खुद को बेहतर बनाती है। आठ भागों वाली इस सीरीज में अनन्या मुख्य भूमिका में हैं, और इसमें वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा और मिनी माथुर जैसे कलाकार शामिल हैं।

# अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक उत्सव होगा : काम्या पंजाबी



**मुंबई/एजेन्सी**

महिला समानता दिवस पर बात करते हुए अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने कहा कि अगर वास्तविक समानता हासिल कर ली जाए तो हर दिन एक उत्सव होगा। काम्या ने कहा, ''हम इसके बारे में बात करते हैं और इसका जश्न मनाते हैं लेकिन सच्चाई यह है कि अगर हम वास्तविक समानता हासिल कर लें तो हर दिन एक जश्न होगा। यह किसी खास दिन या अवसर तक सीमित नहीं होगा। दुर्भाग्य से हमें समाज में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।'' 'लोग कहते हैं कि चीजें बदल गई हैं, लेकिन हम जानते हैं कि अभी भी भरोसे और विश्वास की कमी है। मुझे अक्सर लगता है कि समानता का विचार उन लोगों के लिए एक मजाक है, जो असमानताओं को नहीं देख पाते।'' उन्होंने आगे कहा, मनोरंजन उद्योग में यह और भी मुश्किल है। यहां लोग एक-दूसरे का समर्थन करने के बजाय अपना स्टेटस बनाए रखने पर अधिक ध्यान देते हैं। समर्थन की यह कमी और असुरक्षा हमें पीछे धकेल देती है।'' अभिनेत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम ऐसे क्षेत्रों में एक-दूसरे का समर्थन करना शुरू करें। मनोरंजन का मतलब दर्शकों का मनोरंजन करना है, लेकिन इसमें सामाजिक संदेश देने की भी शक्ति है। हमें एक-दूसरे का समर्थन करते हुए बेहतरीन चीजें बनाने के लिए एक साथ आने की आवश्यकता है। टेलीविजन शो में महिलाओं के काम को लेकर काम्या ने कहा, एक समय था जब महिलाओं को अक्सर कमजोर दिखाया जाता था, इसके बावजूद भी वह अपने दम पर दृढ़ रहते हुए अपने परिवार का समर्थन करने में कामयाब रहीं। समय बहुत बदल गया है, और अब हम स्क्रीन पर महिलाओं को शक्तिशाली रूप में देख सकते हैं। टेलीविजन पर किसी भी नायिका को देखें , वह कभी हार नहीं मानती, कभी हिम्मत नहीं हारती और आगे बढ़ती रहती है। उन्होंने आगे कहा, ''मेरा किरदार 'मोहिनी' बहुत ही मजबूत और दृढ़ निश्चयी है। मेरा शो 'इश्क जबरिया' भी दो महिलाओं के बीच के संघर्ष को दिखाता है कि कैसे वे कभी-कभी एक-दूसरे को नीचा दिखा सकती हैं। इसके अलावा शो का मुख्य किरदार गुलकी (सिद्धि शर्मा) एक मजबूत महिला है जो हार नहीं मानती और अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहती है।''

# एनटीआर जूनियर की 'देवरा: पार्ट 1' की भारी मांग के कारण अमेरिका में टिकट वेबसाइट क्रैश

**मुंबई/एजेन्सी**

एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' की भारी मांग के कारण अमेरिका में टिकट वेबसाइट क्रैश हो गई है। देवरा: पार्ट 1 की रिलीज में अब केवल एक महीना बचा है, और फिल्म को लेकर उत्साह अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। हाल ही में, फिल्म की टीम ने एनटीआर जूनियर की विशेषता वाला एक नया और शानदार पोस्टर जारी किया, जिसने फिल्म की चर्चा को और बढ़ा दिया। जब अमेरिका में पिकाडिली सिनेमा की वेबसाइट ने फिल्म के प्रीमियर से पहले टिकट बिक्री शुरू की, तो लोगों की प्रतिक्रिया इतनी जबरदस्त थी कि साइट क्रैश हो गई। देवरा: पार्ट 1 के लिए उत्सुकता और बढ़ गई है, क्योंकि इसके मनोरंजक टीजर और अपडेट जारी किए गए हैं, जिसमें एनटीआर जूनियर और सैफ अली खान को दिखाया गया है, जिससे सकारात्मक प्रतिक्रियाओं की लहर चल रही है।



अमेरिका में वेबसाइट क्रैश होना एनटीआर जूनियर की वैश्विक अपील का स्पष्ट प्रमाण है। उनकी लोकप्रियता सीमाओं से परे है, उनके हर कदम का बेसब्री से इंतजार करने वाले एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रशंसक हैं। टिकटों की उच्च मांग उनके विशाल प्रशंसक आधार और उनकी आगामी परियोजनाओं के प्रति उत्साह को रेखांकित करती है। 27 सितंबर, 2024 को रिलीज़ होने वाली, देवरा: पार्ट 1 एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर है जिसमें एनटीआर जूनियर मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही जान्हवी कपूर और सैफ अली खान भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। कोरटाला शिवा द्वारा निर्देशित और युवसुधा आर्ट्स एवं एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित इस फिल्म को नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.



शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद्, विजयनगर द्वारा युवा गौरव अलंकरण प्राप्त करने वाले विमल कटारिया व तेयुप विजयनगर को प्राप्त सर्वश्रेष्ठ परिषद् के पुरुस्कार हेतु निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा का सम्मान किया गया।

## कृष्णजन्माष्टमी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मैसूरु के बन्नूर स्थित बाल गंगाधरनाथ स्वामी शिक्षण संस्थान में मानवसेवी कार्य के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। मुख्य अथिति के रुप में उपस्थित पर्यावरण जाग्रति वैदिके बन्नूर के अध्यक्ष महेंद्रसिंह राजपुरोहित ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की। उन्होंने कहा कि कृष्ण का जीवन और शिक्षाएँ हमें प्रेरणा देती है और हमें धर्म नैतिकता और आध्यात्मिकया के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करती है।



# मित्र मंडल की श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में गूंजे श्रीकृष्ण के जयकारे, सजी मनोरम झांकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय मित्र मंडल ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को माहेश्वरी भवन में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर माहेश्वरी भवन में राधा कृष्ण, भगवान श्री कृष्ण द्वारा कालियामर्दन की विशेष झांकी सजाई गई तथा उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर झांकी के दर्शन कर कृष्ण लल्ला को झूला झूलाया। इस मौके पर रात 8.30 बजे से शहर के जाने माने भजन गायक हरिकिशन सारड़ा व मोनू गादिया ने भगवान श्रीकृष्ण के मीठे मीठे भजनों की प्रस्तुति दी तथा देर रात तक संगीतमय ढंग से भजनों के माध्यम से कृष्ण लीलाओं का वर्णन करते रहे।

सभागार में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारें गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने बहुत ही श्रद्धाभाव से भजनों का आनंद उठाया तथा नाचकर झूमकर कृष्णजन्मोत्सव की खुशी मनाई। अध्यक्ष रामेश्वरलाल पंचारिया ने सभी का स्वागत किया। मध्यरात्रि में भगवान श्री कृष्ण की आरती व फलाहार का आयोजन किया गया। मंत्री कमल लिल्हा व अन्य सदस्यों ने व्यवस्था संभाली।



# सिवांची महिला संघ के भक्ति कार्यक्रम में बही जिनभक्ति की गंगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय सिवांची ओसवाल जैन महिला संघ द्वारा केआररोड स्थित कर्नाटक जैन भवन में भक्ति संध्या जिनराग का आयोजन किया गया। संघ की अध्यक्ष सीमा मेहता एवं मंत्री प्रीति चौरड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चातुर्मास के अवसर पर प्रत्येक व्यक्ति को परमात्मा की भक्ति में लीन करना था। भजन गायक मनन संघवी और मनन शाह की टीम ने नेमिनाथ परमात्मा की भक्ति में अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर लोगों को भावविभोर कर दिया। ऋषभ संघवी ने मंच के संचालन के साथ-साथ सभी प्रायोजक परिवार और सकल संघ का स्वागत किया। सिवांची ओसवाल जैन संघ, युवा मंडल, आदिनाथ जैन श्वेतांबर संघ चिकपेट, संभवनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर वीवी पुरम, विमलनाथ जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी, महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर संघ चामराजपेट, श्री धर्मनाथ जैन श्वेतांबर संघ जयनगर, सिमंधर शांतिसूरी जैन ट्रस्ट वी.वीपुरम, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सेंट्रल, वीवी पुरम, अक्कीपेट वासूपूज्य संघ, महावीर स्वामी वर्षीतप ट्रस्ट सहित अनेक संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कल्पना जैन व टीम द्वारा बनाई गई सुंदर रंगोली ने सबको आकर्षित किया। कार्यक्रम के अंत में भगवान की मंगल आरती और मंगल दीपक हुआ। महिला संघ की ओर से सभी प्रायोजक परिवार और अतिथियों को धन्यवाद दिया गया।

# तमिल बहुल इलाकों में राष्ट्रपति चुनाव के आह्वान से मतों के विभाजित होने की आशंका

चेन्नई/कोलंबो। कट्टरपंथी तमिल राष्ट्रवादी पार्टी ने 21 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव का बहिष्कार करने के लिए अभियान शुरू किया है। पार्टी का कहना है कि किसी भी प्रमुख उम्मीदवार ने संघीय ढांचे के तहत देश के उत्तरी और पूर्वी तमिल बहुल इलाकों को राजनीतिक स्वायत्ता देने का वादा नहीं किया है। स्थानीय चुनाव निगरानी समूहों ने मंगलवार के यह जानकारी दी। तमिल नेशनल पीपुल्स फ्रंट के महासचिव सेल्वराजा कजेंद्रन ने इसके साथ ही पुलिस के खिलाफ शिकायत की कि शनिवार को तिरुक्कोविल में उन्हें अभियान के तहत पर्चियां बांटने से रोका गया। टीएपीएफ ने निर्वाचन आयोग और मानवाधिकार आयोग से उनके अभियान को रोकने पर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कजेंद्रन ने कहा कि उन्होंने चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है क्योंकि किसी भी प्रमुख उम्मीदवार ने अबतक संघीय ढांचे के तहत तमिल बहुल उत्तरी और पूर्वी इलाके में तमिलों की मांग के अनुरुप राजनीतिक स्वायत्ता देने का वादा नहीं किया है।

# संतोषी व्यक्ति का जीवन सच्चा व पूर्ण जीवन : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग शिवाजीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने आवश्यक सूत्र की विवेचना करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में सन्तोषी होना अत्यन्त आवश्यक है। ज्यादातर लोगों की चाह यही है कि मेरे घर में धन की वर्षा होती रहे। कुछ लोगों की चाह रहती है कि हमारे घर में खाद्यान्न की कभी भी कमी न रहें। जो अल्प द्रव्यों एवं साधनों में भी अधिकतम सन्तोष का अनुभव कर सकता है, वो प्राणी ही इस दुनिया में असली अमीर है। सन्तोष दूसरों के जीवन से तुलना करने से नहीं, परन्तु स्व-जीवन में प्राप्त वस्तुओं को पर्यात मानने से उत्पन्न होता है। घर भले ही छोटा हो, लेकिन हृदय (मन) बड़ा होना चाहिए। जिस व्यक्ति के जीवन में लक्ष्मीजी की बहुत कृपा हो रही है, फिर भी सन्तोष के अभाव में दुखी रहता है। जबकि सन्तोषी स्वभाव के मनुष्य के मन में कभी इच्छाएँ अधूरी नहीं रहती है। वर्तमान जीवन में लोगों की सोच बदली है और जितना साधन सम्पन्न होगा वही सुखी होगा। अध्यात्म से दूर होने का यह नतीजा है। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। संघ महामंत्री संम्पत राज मांडोत यह जानकारी दी।

# मन के हारे हार है, मन के जीते जीत : संतश्री राजेशमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनगर स्थित लुणावत जैन स्थानक भवन में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री राजेशमुनिजी ने विशेष प्रवचन में संकल्प शक्ति का महत्व बताया। मुनि ने कहा कि चाहे सामायिक हो, तप हो या व्यापार जो भी कार्य करें पूरी तन्मयता के साथ करें। अपनी संकल्प शक्ति को मजबूत करें। आधे अधूरे मन से किए गए कार्य की वजह से हम सफल नहीं हो पाते। किसी भी कार्य में मन की एकाग्रता जरूरी होती है। लेकिन हमारी स्थिति यह है कि हमारा तन कहीं और होता है मन कहीं और। मन की एकाग्रता की वजह से बड़े से बड़े कार्य भी सफल हुए हैं।

मन के हारे हार है मन के जीते जीत। आज लोगों में तनाव बढ़ रहा है इसका कारण यह है कि लोग मनोयोग के साथ कार्य नहीं करते। ऐसे ही संकल्प शक्ति के धनी थे गुरुदेव मदनलालजी। जिनकी 111 वीं दीक्षा जयंती के उपलक्ष में ढाई हजार सामायिक 200 एकासन तप व सैकड़ों दया, पौषध व्रत करके महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। ज्ञातव्य है कि संतश्री मदनलालजी के पौत्र शिष्य राजेशमुनिजी तथा ऋषभमुनिजी का चातुर्मास शांतिनगर स्थानक में चल रहा है। संघ के मंत्री छगनमल लुणावत ने संचालन किया।



# संतुष्ट-प्रसन्न रहना ही आध्यत्म का पहला चरण है : आचार्यश्री विमलसागरसूरीश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। स्थानीय नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि संसार के रिश्ते मौसम की तरह बदलते रहते हैं। समय-समय पर उन्हें खाद-पानी देना पड़ता है, वरना वे शुष्क बन जाते हैं। इन रिश्तों की कोई गारंटी नहीं होती। संसार का कोई संबंध शाश्वत नहीं होता। खून के रिश्ते हो या मैत्री के, ज्यादातर संबंध स्वार्थ के धरातल पर टिके होते हैं। सब अपना-अपना हित देखते हैं। जहां मतलब सिद्ध नहीं होते, वे रिश्ते या तो कमजोर बन जाते हैं अथवा टूट जाते हैं। इस शाश्वत सत्य को समझना, स्वीकार करना और अपने में संतुष्ट-प्रसन्न रहना ही आध्यत्म का पहला चरण है।

जैनाचार्य ने कहा कि आधुनिक युग में ज्यादातर प्रेम के नाम पर फ्लर्ट होता है। प्रेम पर वासनाएं हावी होती हैं। वहां दासता, दुःख, वियोग, वैमनस्य, तृष्णा, तनाव सब होता हैं। किन्हीं दो व्यक्तियों के बीच सच्चे निर्मल प्रेम की परिकल्पना ही नहीं की जा सकती। वहां कोई न कोई कामना, आशा, अपेक्षा, अभिलाषा या वासना का तत्व मौजूद होता है। माता-पिता भी वक्त पर संतानों से सहारा और सहयोग चाहते हैं। यदि वे उन्हें नहीं मिलते हैं तो दुःख और विलाप होता है। परमात्मा से स्थापित प्रेम ही पवित्रतम प्रेम है। जीवन में एक बार प्रभु से प्रीति स्थापित होने के बाद, फिर किसी और के प्रेम की कोई आवश्यकता नहीं रहती। परमात्म तत्व से किया गया प्रेम अटूट और कालजयी होता है। वह निष्कलंकित, पवित्र, सच्चा और सुखदायी होता है। प्रभु की प्रीति शांति, परितृप्ति और आनंद की अनुभूति करवाती हैं। मीरा ने राणा से परे आराध्य कृष्ण के प्रति प्रीति को ही सच्ची अच्छी मानी थी। जब आत्मा प्रभु के प्रेम में एकाकार बन जाती है तो वह विरल अनुभूति ही आध्यत्मिक उन्नति है, साध्य और सिद्धि है।

कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया कि संतों के केशलोंचन की विधि गतिमान है ।जैन परंपरा में इसे कायक्लेश तप कहा जाता है। मंगलवार को धर्मसभा में चेन्नई के सिद्धितप के साधक प्रमोद चौरड़िया और वर्षीतप के साधक जयंतिलाल राठौड़ का वर्षावास समिति की ओर से सम्मान किया गया।



# 'तप मोक्ष प्राप्ति का एक सशक्त साधन हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में एवं साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने कहा कि धर्म एक सर्वोत्कृष्ट मंगल है। जिसका मन अहिंसा, संयम, तप रूपी धर्म में लगा रहता है उस आत्मा को देवता भी नमस्कार करते हैं। धर्म भाव मंगल हैं।

अरिहंत, सिद्ध साधु आदि चार मंगल हैं जो संसार में साधक को शरणभूत हैं। जिस प्रकार एक बीज की यात्रा वृक्ष, फल व रस की देयता तक समर्पित होती है, उसी प्रकार आत्मा की यात्रा का लक्ष्य, परमात्मा एवं मोक्ष तक होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनादिकाल से कर्मी से आच्छादित इस आत्मा को कषायमुक्त बनाने उसे परिष्कृत करने व सुसंस्कारों से संस्कारित करने के लिए अनेकानेक साधन है। शुद्ध हृदय के होने पर तथा सरलता युक्त आत्मा के भावों से आत्मा का उत्थान होता है। हमारी जीवन यात्रा प्रतिष्ठित पवित्र भावों भा से उस मुक्ति पथ की ओर गतिशील हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि यह संपूर्ण संसार अनित्य हैं और संसार की प्रत्येक वस्तु चाहे वो जड़ हो या चेतन प्रतिपल अविरल परिवर्तनीय है। संसार में जो भी हमें दिखाई देता है वह सत्य नहीं केवल भ्रम है।

साध्वीश्री ने तप के महत्व पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए कहा कि तप मोक्ष प्राप्ति का एक सशक्त साधन हैं। संचित व अर्जित अशुभ तप द्वारा पूर्व में कर्म बन्धनों को तोड़ा व निर्झर किया जा सकता है। इस अवसर अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने सभी का स्वागत किया। इस मौक पर अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी व श्रद्धालुगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के सहमंत्री संजय सिंघवी ने किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

# 'युवा गौरव' की अर्हता अर्जित करने का प्रयास करे प्रत्येक युवा : साध्वी सिद्धप्रभा

## जैन समाज की संस्थाओं ने किया 'युवा गौरव' विमल कटारिया का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद, विजयनगर द्वारा युवा गौरव अलंकरण प्राप्त करने वाले विमल कटारिया व तेयुप विजयनगर को प्राप्त सर्वश्रेष्ठ परिषद के पुरुस्कार हेतु निवर्तमान अध्यक्ष राकेश पोखरणा का सम्मान किया गया। साध्वी सिद्धप्रभाजी ने विमल कटारिया को संघ में सदैव सक्रिय रहते हुए गुरु दृष्टि की आराधना का मंगल आशीर्वाद दिया। साध्वीश्री ने प्रत्येक युवा को सदकार्यो में संलग्न रहकर अच्छे कार्यकर्त्ता बनने की प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रत्येक युवा को युवा गौरव के अलंकरण की अर्हता का अर्जन करने का प्रयास करना चाहिए। साध्वीश्री मलययशाजी, आस्थाप्रभाजी, दीक्षाप्रभाजी ने गीतिका का संगान किया।

तेयुप विजयनगर अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने सबका स्वागत करते हुए विमल कटारिया और राकेश पोखरणा को शुभकामनाएं दी। तेरापंथ सभा विजयनगर से पूर्व अध्यक्ष प्रकाश गाँधी, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, टीपीएफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, अणुविभा राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत, अर्हम मित्र मंडल मंत्री विनोद पारख, मेवाड़ पैलेस, जैन कांफ्रेंस कर्नाटक के अध्यक्ष पुखराज मेहता, जैन युवा संगठन से महावीर मेहता, गांधीनगर सभा उपाध्यक्ष ललित मांडोत, गौतम देरासरिया आदि कटारिया और तेयुप विजयनगर को शुभकामनाएं दी। राकेश पोखरना ने सर्वश्रेष्ठ परिषद के सम्मान के लिए आचार्यश्री महाश्रमणजी सहित अन्य साधु साध्वियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथे संघीय कार्यों में मिले सहयोग के लिए सभी संघीय संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।


अभातेयुप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने युवा गौरव अलंकरण के चयन प्रक्रिया के बारे में बताते हुए विमल कटारिया की कार्यशैली की सराहना की तथा तेयुप विजयनगर, गांधीनगर, टी दासरहल्ली व राजाजीनगर की टीम को बधाई दी।

मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित युवा गौरव विमल कटारिया ने अपने आप को गुरु इंगित आराधक बताया और गुरु दृष्टि पात्र होने के लिए अपने आप को पुण्यशाली कहा। इस मौके पर कटारिया की धर्मपत्नी मधु कटारिया व अन्य परिजनों का सम्मान किया। सम्मान के कार्यक्रम में गांधीनगर, विजयनगर, राजाजीनगर, हनुमंतनगर, राजराजेश्वरीनगर, टी दासरहल्ली, यशवंतपुर से सभा, युवक परिषद एवं महिलामंडल, राजस्थानी मित्र मंडल, राजस्थान परिषद, विजयनगर परिषद, जैन एकता मंच, मेवाड़ जैन सेवा संस्था, जैन युवा संगठन, अर्हम मित्र मंडल, जीतो आदि संस्थाआहे से पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात सभी संस्थाओं ने विमल कटारिया का सम्मान किया। कार्यक्रम में अमित दक ने प्रशस्ति पत्र का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष अमित दक और उपाध्यक्ष विकास बांठिया ने किया। आभार मंत्री संजय भटेवरा ने किया।

## जय श्री कृष्ण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



वेल्लूर स्थित श्रीपुरम श्री नारायणी पीठम में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौपे पर सोमवार को नारायणी पीठम के पीठाधीश श्रीशक्ति अम्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की विशेष आरती कर जन्माष्टमी का पर्व मनाया।



# लिंगराजपुरम सीरवी समाज ने हर्षोल्लास से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सीरवी सेवा संघ ट्रस्ट लिंगराजपुरम की ओर से लिंगराजपुरम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पंडित नेमीचंद्र शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। संघ के सहसचिव जुगराज चोयल ने बताया कि सायंकाल भजन-कीर्तन के साथ शुरू हुआ जन्माष्टमी महोत्सव मध्य रात्रि में श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया तथा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

पूर्व प्रधानाचार्य चिमनाराम पंवार ने योगेश्वर श्री कृष्ण तथा भगवद्गीता के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष धर्माराम काग, कोषाध्यक्ष मांगीलाल राठौड़, सहसचिव जुगराज चोयल, पूर्व अध्यक्ष चोलाराम चोयल, पोकरराम बर्फा, पूर्व सचिव अमरचंद सानपुरा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। महिला मंडल और नवयुवक मंडल के सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली।

# शांत मन वाला व्यक्ति सदैव सुखी : साध्वी धैर्याश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के हीराबाग जैन स्थानक सेपिंग्स रोड पर चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी धैर्याश्रीजी ने कहा कि जिसका मन शांत है, इंद्रिया नियंत्रित है, शरीर स्वावलंबी है वह व्यक्ति सुखी है। ठाणांग सूत्र में कहा है आस्तिका सुख यानी जो है उसी में राजी है, वह सुखी है। शिकायत का भाव कम एवं धन्यवाद के भाव ज्यादा हो वही अपने जीवन में स्वास्थ्य व सुखी रह सकता है। इच्छा और दुःख दोनों जुड़वां बहनें है। इच्छा होगी वहां दुःख होगा ही। यह भी कहा है जहां चाह वहां राह, लेकिन जहां अति चाह है, वहां आह ही आह है। साध्वी आगमश्रीजी ने कहा, मन से होने वाला पुण्य विचारों के समूह को मन कहते है। मन से उठने वाले सम्यग विचार मनपुण्य कहलाता है। जब व्यक्ति के मन की शुभ प्रवृत्ति होती है और व्यक्ति अपनी अंतरात्मा की साक्षी से दान, शील, तप, भाव से पालन करता है तब उसके पुण्य का बंध होता है। पुण्यवान व धर्मात्मा लोगों से धरती की शोभा बढ़ती है। संचालन मंत्री अशोक बांठिया ने किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com